नई दिल्ली
सोमवार, 26 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 41
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पीएम मोदी का आज गुजरात दौरा
## 82,950 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी सोमवार को अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं, जहां वह भुज, दाहोद और गांधीनगर में 82,950 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान वह कई विकासमूलक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में ऊर्जा, ▸▸ शेष पेज 5 पर








मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान पीएम मोदी के साथ ग्रुप फोटो

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक

# मोदी ने बेवजह की बयानबाजी पर दी हिदायत, आत्मनिर्भर भारत बनाने पर दिया जोर



> ‘ऑपरेशन सिंदूर’ और ‘जाति जनगणना’ पर प्रस्ताव हुए पारित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की एक दिवसीय बैठक में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पारित हुए। नई दिल्ली में हुई इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं को बेवजह की बयानबाजी से बचने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है, जिसमें स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता भी दुनिया ने देखी है। नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की, जिसमें कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भी उपस्थित थे। इस बैठक में एनडीए शासित राज्यों के लगभग 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि बैठक में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन तथा बिहार चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न राजग शासित सरकारों की ओर से अपनाए गए सर्वोत्तम कदमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुति भी दी।

### हम जाति की राजनीति नहीं करते, वंचित और शोषितों को मुख्यधारा में लाना चाहते हैं: नड्डा

*एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, ‘आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सीएम सम्मेलन हुआ। इस बैठक में हमारे 20 सीएम और 18 डिप्टी सीएम मौजूद थे। 2 प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया गया और हमारी सेना के काम की बहुत प्रशंसा की गई और सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की बहुत सराहना की गई। इसलिए, यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।’ नड्डा ने कहा, ‘आज बैठक में जातिगत जनगणना को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी है, साथ ही मोदी जी के इस फैसले की सराहना की और उन्हें बधाई दी। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, पीड़ित और शोषित, जो छूट गए हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहते हैं। यह समाज की जरूरत है।’*

### नक्सलवाद पर भी हुई चर्चा

*नड्डा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है। उस चर्चा में छत्तीसगढ़ के सीएम ने बताया कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है। सम्मेलन शुरू होने से पहले भाजपा नेता विनय सहस्रबुद्धे, जो पार्टी के सुशासन विभाग के प्रमुख हैं, ने कहा था कि सम्मेलन में सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई देने वाले प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, और एक अन्य प्रस्ताव अगली जनगणना में जाति-आधारित डेटा संग्रह करने के केंद्र के फैसले की सराहना करेगा। सहस्रबुद्धे ने कहा, ‘सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एनडीए शासित राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए समर्पित होगा, जिसमें संबंधित मुख्यमंत्री अपनी शासन पहल प्रस्तुत करेंगे।’ चर्चाओं में मोदी 3.0 की पहली वर्षगांठ, 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ जैसे आगामी मील के पत्थर भी शामिल होंगे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब — मुंबई
शाम 7.30 बजे से


### ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

**आगरा।** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर रहीं। पर्यटन विभाग को केरल से एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की बात कही गई थी। मेल मिलते ही सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वाड और पुरातत्व विभाग की टीमों ने ताजमहल परिसर में तीन घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि यह ईमेल फर्जी निकला। साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर सतर्कता बढ़ा दी गई। पर्यटकों को पेन तक ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई।



**तीसरे नंबर पर आना लक्ष्य:** भारत ने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया- हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

# भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, हम जापान से आगे



> ये दावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट रिपोर्ट में किया है, जो 22 अप्रैल 2025 को जारी हुई थी

> नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बताया कि भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो यह अगले ढाई से 3 वर्षों की बात है।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। भारत ने एक और कीर्तिमान स- थापित कर दिया है। ये दावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट रिपोर्ट में किया है, जो 22 अप्रैल 2025 को जारी हुई थी। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम ▸▸ शेष पेज 5 पर



- **भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला**
- **प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया**

### भारत ऐसे मोड़ पर जहां से बहुत तेजी से कर सकता है विकास

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है।

### टॉप 10 अर्थव्यवस्थाएं (जीडीपी के आधार पर)

| | |
|---|---|
| अमेरिका | : 30.51 ट्रिलियन |
| चीन | : 19.23 ट्रिलियन |
| जर्मनी | : 4.74 ट्रिलियन |
| भारत | : 4.186 ट्रिलियन |
| जापान | : 4.19 ट्रिलियन |
| ब्रिटेन | : 3.84 ट्रिलियन |
| फ्रांस | : 3.21 ट्रिलियन |
| इटली | : 2.30 ट्रिलियन |
| कनाडा | : 2.23 ट्रिलियन |
| ब्राजील | : 2.13 ट्रिलियन |

### 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी $4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है। यानी भारत अब जापान से आगे निकल चुका है। भारत की विकास दर 2025 में 6.2% और 2026 में 6.3% रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।

## लालू ने बड़े बेटे को दिया ‘वनवास’... क्या छोटे के ‘राजतिलक’ का रास्ता हो गया अब साफ?

# तेजप्रताप को 6 साल के लिए राजद से निकाला, रिलेशनशिप पर किया था पोस्ट



◆ लालू प्रसाद यादव ने तेजप्रताप के रिलेशनशिप के ऐलान वाले वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

एजेंसी ▸▸ पटना

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को दिल पर पत्थर रखकर छह साल का वनवास दे दिया। लालू यादव ने ऐसा काम कर दिया, जो कोई पिता नहीं करता है। लेकिन, तेज प्रताप यादव ने आखिरकार लालू को यह करने को मजबूर कर दिया। बिहार की राजनीति और आगामी चुनाव को देखते हुए एक बड़ा घटनाक्रम है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले क्या यह राष्ट्रीय जनता दल में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने के संकेत हैं? ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या सचमुच में तेज प्रताप यादव अब पार्टी और परिवार से बाहर हो गए हैं? क्या तेजस्वी यादव का लालू यादव के बाद आरजेडी का असली बॉस बनने का रास्ता साफ हो गया? तेज प्रताप यादव का वीडियो और फोटो अनुष्का यादव के साथ वायरल होने के बाद लालू यादव ने यह कदम तेजस्वी यादव के भविष्य की राजनीति के लिए कितना फायदा पहुंचाएगा? क्या मां राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित कई बहनें इस फैसले से खुश हैं? ▸▸ शेष पेज 5 पर



### लालू बोले- मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती

*लालू ने कहा कि इस प्रकार का आचरण पार्टी के नैतिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम हैं। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### शाहदरा में निकाली तिरंगा यात्रा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र में रविवार को भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व शहीदों के सम्मान में विवेक विहार में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा ओसवाल भवन विवेक विहार से शुरू होकर राम मंदिर विवेक विहार पर समाप्त हुई। यात्रा में पीएम नरेंद्र मोदी का हमशक्ल आगे आगे चल रहा था, जिसे देखने के लिए लोगों में उत्सुकता दिखाई दी। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा पकड़ रखा था और बैनरों पर भारतीय सेना की कामयाबी को सेल्यूट वाले स्लोगन लिखे हुए थे। यात्रा में तिरंगा यात्रा में शाहदरा से विधायक संजय गोयल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन जैन, जिलाध्यक्ष दीपक गाबा, कार्यक्रम संयोजक बाबूलाल गोलछा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### जरा सी बारिश में दिल्ली बेहाल, चार इंजन की सरकार हुई फेल : आप

**नई दिल्ली**। दिल्ली में शनिवार हुई बारिश से हुए जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चार इंजन की सरकार फेल हो गई। नेता विपक्ष आतिशी ने शनिवार रात हुई बारिश के बाद रविवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि एक बरसात के बाद चार इंजन की सरकार फेल हो गई। उन्होंने मिंटो ब्रिज के नीचे की तस्वीरें साझा कर कहा कि थोड़ी सी बरसात के बाद मिंटो ब्रिज के नीचे गाड़ी डूब गई। आतिशी ने आईटीओ की एक वीडियो साझा कर कहा कि यह जलभराव दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी कार्यालय के ठीक बाहर हुआ है। उन्होंने पूछा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा कहां छिपे हैं? इसके अलावा भी उन्होंने कई अन्य इलाकों जैसे सुब्रोतो पार्क, रविदास मार्ग, दिल्ली कैंट, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआई) व रोहतक रोड के वीडियो साझा करके कहा कि ये देखिए भाजपा के चार इंजन की सरकार का कमाल।

### जलभराव की स्थिति आज बहुत सुधर चुकी : सचदेवा

**नई दिल्ली**। पिछली सरकार में लापरवाही के चलते बारिश के दिनो में दिल्ली की जलभराव की दुर्दशा देखते बनती थी लेकिन वर्तमान सरकार के काम के कारण आज स्थिति बहुत सुधर चुकी है। यह बात रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। सचदेवा ने ने कहा है कि आज सुबह जब दिल्ली वाले जागे तो कल देर रात आये तूफान के चलते दिल्ली में अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने एवं जलभराव आदि की शिकायतें सामने थीं।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सभी भाजपा विधायकों एवं पार्षद, जल बोर्ड एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारी रविवार होने के बावजूद सड़कों पर उतरे और सुबह 9 बजे तक दिल्ली की सड़कों से पेड़ हटा कर एवं अधिकांश जलभराव साफ करवा कर दिल्ली का यातायात सुगम किया और दोपहर 12 बजने तक स्थिति को सामान्य बना दिया।

### 'मुख्यमंत्री जी, चाबुक फटकारिये वरना अधिकारी खुद को 'लॉट साहब' समझते रहेंगे'

# एसडीएम (कंझावला) ने 'जन सुनवाई' में 15 विभागों को बुलाया ज्यादातर रहे गैरहाजिर

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

'हमारा तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से यहीं निवेदन है कि मैडम चाबुक फटकारिये वरना अधिकारी खुद को लॉट साहब समझते रहेंगे। हमने तो वोट से सरकार बदलकर अपना काम कर दिया था पर हमें क्या पता था कि लापरवाह और निठल्ले अधिकारी पहले की तरह ही मनमर्जी के मालिक बने रहेंगे।' यह गुहार कुतुब गढ़ गांव के एक बुजुर्ग ने दिल्ली की मुख्यमंत्री से लगाई है।

दरअसल बवाना विधानसभा क्षेत्र के कुतुब गढ़ गांव में शनिवार को उत्तर पश्चिम जिला के तहत एसडीएम (कंझावला) ने जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया था। जनसमस्याओं से सरोकार रखने वाले 15 विभागों को ऑफिसियल लैटर के जरिये उपस्थित रहने के लिए कहा गया था लेकिन ज्यादातर विभागों ने यहां आना ही जरूरी नहीं समझा। बड़ी तादाद में मौजूद ग्रामीण खुद को ठगा महसूस कर रहे थे। लोगों ने समस्याएं बतानी शुरू की तो एसडीएम आयुषी के पास आश्वासन देने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था क्योंकि ज्यादातर विभागों से कोई अफसर कार्यक्रम में मौजूद ही नहीं था।

सुबह करीब साढ़े दस बजे शुरू हुई बैठक तकरीबन दो घंटें में ही समाप्त हो गई। वजह एक ही थी कि ग्रामीणों की समस्याओं पर संबंधित विभागों की तरफ से उत्तर देने वाले अधिकारी गैरहाजिर थे। ऐसे में शिकायत लेकर आये बहुत से लोगों ने चुप रहना ही उचित समझा। कुतुब गढ़ गांव में पहली बार जन सुनवाई का कार्यक्रम रखा गया था लिहाजा लोगों में उत्साह भी था और एक उम्मीद भी कि शिकायतों और समस्याओं का सार्थक हल निकलेगा पर ऐसा हो नहीं पाया। हालांकि एसडीएम मैडम का नजरिया समस्याओं के समाधान के प्रति काफी सकारात्मक था लेकिन जब अधिकारी ही गायब हों तो वे आश्वासन ही दे सकती थी। पीड़ादायक ये भी था कि जो तीन-चार विभाग कार्यक्रम में मौजूद थे वहां से बहुत ही कनिष्ठ रैंक के कर्मी मौजूद थे, बड़े स्तर का कोई अधिकारी नहीं आया। विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए भेज दिए गए इन कर्मचारियों को समस्याओं की एबीसीडी मालूम ही नहीं थी।

**कुतुब गढ़ गांव में सड़कों की बदहाली, गलियों के निर्माण में घोटाला, खेल परिसर में सुविधाओं की कमी, कृषि भूमि म्युटेशन नहीं होने, अस्पताल की खाली पड़ी बिल्डिंग, सफाईकर्मी गायब रहने से लोग परेशान**

**बवाना विधानसभा क्षेत्र में लोग समस्याओं से दुखी, सरकारी विभाग कुंभकर्णी नींद सो रहे**



कुतुब गढ़ से सोहटी को जोड़ने वाली सड़क प्रशासन की नाकामी की पोल खोल रही है। फोटो : हरिभूमि





#### शिकायत पेटियों की क्या हालत होगी?

*मौके पर मौजूद गांववासी सतीश का कहना था कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कुछ दिन पहले शिकायत पेटियां लगवाने की बात कही थी, जब एसडीएम के बुलावे पर भी अधिकारी समस्याओं को सुनने नहीं आ रहे हैं तो शिकायत पेटियां की क्या हालत होगी? उन्होंने कहा कि पहले नाकारा अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है।*

#### ये विभाग रहे गायब

*दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीटीसी, स्वास्थ्य विभाग, एमसीडी, दिल्ली पुलिस, पीडब्ल्युडी, फूड एंड सीविल स्पलाई, श्रम विभाग,डीएसआइआइडीसी और समाज कल्याण विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। डीडीए से एक कनिष्ठ स्तर के कर्मी आये और एमसीडी से मात्र एक सफाई निरीक्षक मौजूद थे। ये दोनों विभाग भी एक तरह से गैर हाजिर ही थे।*

#### जन सुनवाई में उठाई गईं ये मुख्य समस्याएं

**सड़कें**: कुतुबगढ़ वासियों ने सोहटी रोड और गढ़ी कुण्डल रोड की बहुत ही बदहाल हालत की शिकायत एसडीएम के सामने की। दोनों सड़कें लंबे समय से गढ्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इन सड़कों के निर्माण के संबंध में कोई ठोस और समयबद्ध आश्वासन नहीं मिला। शमशान भूमि का रास्ता बेहद खराब है।

**गलियां**: प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के तहत कुतुब गढ़ में बनाई जा रही गलियों के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का मामला सामने आने के बाद से बिना कोई वजह बताएं निर्माण कार्य ठप पड़ा है। नई बनी गलियों की गुणवत्ता जांच के लिए गत दो मई को सैंपल लिए गए थे, लैब रिपोर्ट की बाबत पूछा गया तो कोई जवाब नहीं मिला। एमसीडी का कोई एई या जेई मौजूद नहीं था। क्या होगा पता नहीं।

**मुगेंश पुर ड्रेन**: करीब डेढ महीने पहले मुगेंश पुर ड्रेन के कुतुब गढ़ वाले हिस्से से गाद निकाली गई थी लेकिन अभी तक गाद वहीं पड़ी हुई है। इस बीच तीन बार बरसात आ चुकी है और गाद फिर से ड्रेन में जा रही है। इस मामले की शिकायत कई दिन पहले मुख्यमंत्री और एलजी के अलावा सचिव सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को ईमेल के जरिये की गई लेकिन विभाग गाद उठाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग से कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। एसडीएम ने फोन किया तो दूसरी तरफ से कहा गया कि दो जून तक गाद उठवा देंगे, यानि पूरे दो महीने बाद वो भी ग्रामीणों की शिकायत पर सिर्फ आश्वासन मिला है। विभाग खुद कोई जिम्मेदारी क्यों नहीं समझ रहा, भगवान जाने।

**कृषि भूमि म्युटेशन**: दिल्ली देहात के गांवों की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी कृषि भूमि म्युटेशन की प्रक्रिया इस कदर मकड़ी का जाल बन चुकी है कि किसान परेशान हैं। राजस्व विभाग के रजिस्ट्रार कार्यालय से आरडी बनवाने के बाद भी ऐसे मामलों में जहां मां और बहनों की रजामंदी है, कृषि भूमि म्युटेशन भाईयों के नाम पर नहीं की जा रही है। जनसुनवाई में बताया गया कि ऊपर से आदेश नहीं है।

**डीडीए खेल परिसर**: कुतुब गढ़ के डीडीए खेल परिसर की तमाम समस्याएं ग्रामीणों ने बतायी लेकिन डीडीए खेल विभाग से कोई अधिकारी नहीं था लिहाजा कोई आश्वासन नहीं मिला।

**सफाई व्यवस्था**: कुतुब गढ़ गांव में नालियों की सफाई का बुरा हाल है। दिल्ली नगर निगम के कितने सफाईकर्मी कुतुब गढ़ में तैनात हैं, जब यह पूछा गया तो कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामीणों की शिकायत थी कि गांव के अंदर नालियों की सफाई हुए महीने गुजर जाते हैं।

**वन विभाग**: कुतुब गढ़ के वन क्षेत्र में बांस से बनाई गई ओपन हट और बैंच टूट चुके हैं। मुगेंश पुर ड्रेन के कुतुब गढ़ हिस्से में पेड़ों की अवैध कटाई आम बात हो चुकी है। नीम, कीकर, सीसम और पीपल के सैंकड़ों पेड़ और पौधे कट चुके हैं। वन विभाग का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। एसडीएम ने मुगेंशपुर ड्रेन के कुतुबगढ हिस्से पर बनी सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया।

**स्वास्थ्य**: कुतुब गढ़ में डिस्पेंसरी की बड़ी बिल्डिंग कई साल से बनी हुई हैं लेकिन सिर्फ भवन है इसे अस्पताल बनाने के आश्वासन ही मिल रहे हैं। एसडीएम ने बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड कैंप जल्द लगवाने की बात कही।

### दिल्ली में लोक निर्माण विभाग को जलभराव की करीब 40 कॉल प्राप्त हुईं

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली लोक निर्माण विभाग को रातभर हुई भारी बारिश के कारण जलभराव की शिकायत वाली करीब 40 कॉल प्राप्त हुईं और सुबह तक अधिकांश प्रभावित स्थानों से पानी निकाल दिया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण सराय काले खां बस स्टैंड, तिमारपुर मुख्य बाजार, पीरागढ़ी चौक, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास, ग्रेटर कैलाश-2, आईटीओ और धौला कुआं पर अंडरपास, पालम, आजादपुर, मिंटो रोड और जखीरा के अंडरपास में जलभराव हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह तक अधिकांश जलभराव वाले स्थानों को साफ कर दिया गया और अब यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

### मिंटो ब्रिज अंडरपास में भरा पानी, जिम्मेदार अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

दिल्ली सरकार द्वारा रात में हुई बारिश के बाद मिंटो पुल अंडरपास में जलभराव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस बात की जानकारी सूत्रों ने दी है। सूत्रों के अनुसार अंडरपास के रखरखाव के लिए जिम्मेदार एक कनिष्ठ अभियंता और पंप संचालक को निलंबित किया जाएगा और सहायक अभियंता को पर्यवेक्षण संबंधी चूक के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि उच्च अधिकारियों ने अंडरपास में जलभराव के लिए जिम्मेदार इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है, क्योंकि वे समय पर मौके पर नहीं पहुंचे। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पिछले महीने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि मानसून के दौरान किसी भी चिह्नित बिंदु पर जलभराव होता है, तो जिम्मेदार अभियंता के खिलाफ निलंबन सहित सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम, जन-जन के मन की बात : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम, जन-जन के मन की बात है और इस कार्यक्रम में हर बार नई जानकारी मिलती है इसलिए यह कार्यक्रम अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। यह बात रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यक्रम से बताया कि किस प्रकार से आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और संकल्पबद्ध होकर आक्रोश से भरा हुआ है। हमारी सेनाओं के पराक्रम से आज हम हिन्दुस्तानियों का सिर ऊंचा हो गया है। सचदेवा ने कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से आज देश भर में नई प्रतिभा की खोज की जा रही है। खेलो इंडिया में 5 हजार से अधिक खिलाड़ी इसमें भाग ले चुके हैं। इसके साथ ही योग को लेकर भी प्रधानमंत्री ने सबको प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समाजिक संदेश के साथ ही उनके कार्यक्रम से सीखने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि क्राफ्ट फाइबर के बारे में प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला और आज के फैशन की सोच का यह संगम है। गौरतलब है कि दिल्ली भाजपा द्वारा प्रदेश भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा समेत भाजपा नेताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

### दिल्ली के विकास से जुड़े मामलों में सक्रिय रहे, जनसमस्याओं से रखा सरोकार

# उपराज्यपाल पद पर सक्सेना के तीन साल पूरे, केजरीवाल-आतिशी सरकार के साथ खूब टकराये

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सोमवार 26 मई 2022 को अपने तीन साल पूरे कर रहे है। इन तीन वर्ष में एल जी सक्सेना और आम आदमी पार्टी की तत्कालीन दिल्ली सरकार के बीच कई मुद्दों पर टकराव काफी चर्चित रहा। दिल्ली में उस दौरान सत्ता के दो ध्रुव देखने को मिले। अरविंद केजरीवाल और आतिशी लगातार आरोप लगाते रहे कि सक्सेना गैरजरूरी तौर पर दिल्ली सरकार के कार्यों और अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप करते हैं जबकि उपराज्यपाल दिल्ली के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का हवाला देते रहे। सक्सेना ने कई बार सार्वजनिक तौर पर कहा कि दिल्ली सरकार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम साबित हुई है।

अगर टकराव को एकतरफ रख दें तो कई मामलों में एलजी सक्सेना ने महत्ती योगदान दिल्ली के विकास में दिया। उनकी अध्यक्षता में लगातार दो साल दिल्ली विकास प्राधिकरण की वित्तीय हालत में इजाफा हुआ। दूसरी तरफ भीड़भाड़ वाली राजधानी के सौंदर्यीकरण और रूपांतरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गईं। सक्सेना के नेतृत्व में, तीन वर्षों में दिल्ली ने सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक समृद्धि के कई नए आयाम छुए हैं। एक समय था जब 37 एकड़ का लैंडफिल रहा जो अब एक हरा-भरा स्थल बन रहा है।

एलजी ने दिल्ली जैसे शहर में अपने तरह के पहला अनोखा बांस-थीम वाला बांसेरा पार्क बनवाने की पहल की। जिसे केवल 6 महीनों में तैयार किया गया। इस बांसेरा में 16 प्रजातियों के 30 हजार से अधिक बांस के पौधों, 3 जलाशयों और एक कैफे सहित बहुत कुछ बनाया गया है। बांस अन्य पेड़ों की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन छोड़ता है, जो बांसेरा को न केवल सुंदर बनाता है, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। इसी प्रकार एलजी यमुना किनारे बने बांसेरा में मेघालय की जयंतिया पहाड़ियों की प्रसिद्ध लाकडोंग हल्दी की खेती का भी अनूठा प्रयोग किया। इसके अलावा एलजी ने ऐसी ही एक दूसरी पहल असिता के रूप में की जिसमें सितंबर 2022 से अब तक 225 एकड़ भूमि को देशी वृक्षारोपण, 6 एकड़ के जल निकाय और समृद्ध जैव विविधता के साथ पूरी तरह से बदलकर रख दिया। वहीं जी 20 शिखर जैसे वैश्विक सम्मेलन से पहले राजधानी के सौंदर्यीकरण और रूपांतरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गयी, जिसका असर आज तक दिल्ली में देखा जा सकता है।

# गुटखा थूकने से उपजे विवाद में शख्स को गोली मारी, पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा



**नई दिल्ली**। उत्तर-पूर्वी जिले के खजूरी खास इलाके में गुटखा थूकने को लेकर हुए विवाद में एक 35 वर्षीय व्यक्ति को गोली मार दी गई। पीड़ित का नाम खजूरी खास निवासी आमिर बताया गया है। उसकी पीठ पर गोली लगी है और अस्पताल में उपचाराधीन है। मामले में पिता पुत्र समेत तीन लोगों की पहचान आरोपियों के रूप में हुई है। एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार रात को गुटखा थूकने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुई। दोनों पक्षों के बीच पहले से कोई दुश्मनी नहीं थी। तीखी नोकझोंक में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर तमंचे से गोली चला दी जिससे आमिर घायल हो गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया। मामले में तीन लोगों की पहचान आरोपी के रूप में की गई है। इनके नाम अमन (20), उसका पिता इरफान (40) और रेहान (18) शामिल हैं। पुलिस ने एक आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराध में प्रयुक्त तमंचा बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

### शाहदरा के राम नगर इलाके की घटना

# ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगने से दो लोगों की मौत, चार अन्य झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा के रामनगर इलाके में रविवार सुबह ई-रिक्शा चार्जिंग एवं पार्किंग स्टेशन पर आग लगने से दो लड़कों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य झुलस गए। झुलसे लोगों का इलाज चल रहा है। मरने वालों के नाम मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के मूल निवासी 19 वर्षीय ब्रिजेश और 18 वर्षीय मणिराम बताये गये हैं। घटना के समय दोनों पार्किंग में सो रहे थे, जिसके कारण वे अंदर ही फंसे रह गए। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार आग पर काबू पाने के बाद जले हुए शव बरामद किए गए। आग सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर टिन शेड के एक ढांचे में लगी, जिसका इस्तेमाल गोदाम, ई-रिक्शा की पार्किंग व चार्जिंग स्टेशन और गन्ने के रस की मशीनों के पार्किंग के लिए होता था। शाहदरा के राम नगर क्षेत्र में मोती राम रोड पर स्थित यह टिन शेड लगभग 300 से 400 गज में फैला हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि सुबह साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। ऑपरेशन के दौरान दो जले हुए शव बरामद किए गए। डीएफएस प्रमुख का कहना है कि जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो आग काफी भयावह हो चुकी थी और शेड का अधिकांश हिस्सा जल चुका था।

हमने सुबह साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया। घटना में झुलसे चार लोगों को निकटवर्ती जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। आग में झुलसे लोगों की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के भवाई निवासी 19 वर्षीय हरिशंकर तथा उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के महराजगंज निवासी 18 वर्षीय रिंकू, 22 वर्षीय मुकेश और 19 वर्षीय विपिन के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि सभी छह लोग ई-रिक्शा पर गन्ने का रस बेचते थे और शेड में रहते थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग लगने की वजह चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट का होना हो सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि परिसर में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं, इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। पुलिस ने विनोद राठौर नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो किराए पर लिए गए उक्त परिसर का संचालन कर रहा था। सूत्रों का कहना है कि शेड में बुनियादी अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं थे।



# पार्क में करंट लगने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में एक पार्क में खेलते समय करंट लगने से नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। बच्चे का नाम आर्यमान चौधरी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को बच्चा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पार्क में खेल रहा था, तभी वह बिजली के खुले स्विचबोर्ड के संपर्क में आ गया। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे घटना के बारे में पुलिस को कॉल की गई। पुलिस मामले में तफ्तीश कर रही है। पुलिस के अनुसार अभी तक की जांच में पता चला कि कालकाजी के डीडीए फ्लैट्स में रहने वाला बच्चा पार्क में खेल रहा था, तभी उसकी गेंद बिजली के खंभे से लगे स्विचबोर्ड के पास जा गिरी। जब आर्यमान ने गेंद को निकालने की कोशिश की, तो वह गलती से बोर्ड से टकरा गया और उसे बिजली का तेज झटका लगा। स्थानीय लोग और बच्चे के परिवार के सदस्य उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कालकाजी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 289 (मशीनरी के संबंध में लापरवाही) और 106 (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कपड़े की फैक्टरी में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह एक कपड़ा फैक्टरी में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि नुकसान करोड़ों में बताया गया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है। अग्निशमन विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग के अनुसार यह घटना उद्योग नगर की एफ-11 नंबर प्लॉट में स्थित फैक्टरी में सुबह करीब पांच बजकर 25 मिनट पर सामने आई। आग को बुझाने के लिए कुल 10 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि कूलिंग का कार्य दिनभर जारी रहा। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि आग कपड़ा फैक्टरी के स्टोरेज यूनिट में लगी थी।

# सिम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, पांच लोग अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सीमा पार गेमिंग नेटवर्क में मदद करने का आरोप

आईजीआई पुलिस ने एक सिम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर कथित तौर पर एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क में मदद करने का आरोप है। गिरफ्तार किये गये सभी लोग मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इन्होंने 398 एक्टिव भारतीय सिम कार्ड दुबई भेजे थे।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह तब सामने आया जब सीआईएसएफ ने 15 फरवरी को आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सुनील रावत नामक व्यक्ति को रोका। रावत को दुबई जाने के लिए विमान में सवार होना था। उसके पास विभिन्न नामों से पंजीकृत 398 सिम कार्ड बरामद हुये थे। जांच से पता चला कि रावत कथित तौर पर फैजल नामक दुबई स्थित एक सरगना के निर्देश पर काम कर रहा था, जिसने सिम कार्ड पहुंचाने के बदले में उसे 35 हजार रुपये और नौकरी की पेशकश की थी। पूछताछ के दौरान रावत ने खुलासा किया कि सिम कार्ड की व्यवस्था मध्य प्रदेश में उसके दोस्तों ने की थी और कूरियर के माध्यम से उस तक पहुंचे थे। सिम के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं की पहचान अश्विन कुमार और अंकित कुमावत के रूप में हुई है। दोनों मध्य प्रदेश के मूल निवासी हैं। पुलिस की एक टीम को उज्जैन और देवास जिलों के लिए रवाना किया गया जहां से अंकित कुमावत को गिरफ्तार किया गया। इसने स्थानीय लोगों को मुफ्त डाटा और कॉल का लालच देकर गुमराह करके सिम कार्ड खरीदे थे। बाद में प्रत्येक सिम कार्ड 500 रुपये में अश्विन कुमार को बेचा। उसने बाद में उन सिमकार्ड को दुबई में अपने भाई मनीष कुमार और सहयोगी फैजल को बेच दिया। देवास में छोटा सा व्यवसाय चलाने वाले अश्विन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। धीरे-धीरे देवास निवासी तीन और लोगों मनीष कुमार, लोकेन्द्र सेंधव और द्वारका प्रसाद को भी अरेस्ट किया गया। संदिग्ध सरगना फैजल अभी भी फरार है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## अवैध रूप से रह रहे नौ बांग्लादेशी पकड़े

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के फॉर्नर सेल ने हरियाणा के मेवात में ईंट भट्टे पर काम करने वाले नौ बांग्लादेशी नागरिकों के एक परिवार को पकड़ा है। सभी अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तारी के डर से फरार थे। पुलिस कई दिनों से इनकी तलाश में लगी थी। सभी को एफआरआरओ यूनिट के हवाले किया गया है, जोकि आगे इनके निर्वासन की प्रक्रिया में जुटी है। पुलिस के अनुसार अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिये फॉर्नर सेल की टीम ने 23 मई को वजीरपुर जेजे कॉलोनी में सत्यापन अभियान चलाया था। इस दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया था। उससे पूछताछ में पुलिस को इस बांग्लादेशी परिवार के एक नवजात सहित आठ अन्य नागरिकों के बारे में पता चला था। सभी बांग्लादेशी वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। इसके बाद इन्हें भारत नगर इलाके से पकड़ा गया। इनके पास से एक स्मार्टफोन भी जब्त किया गया है, जिसमें प्रतिबंधित वीडियो कॉल और चैटिंग एप मौजूद था। एप का इस्तेमाल परिवार बांग्लादेश में अपने रिश्तेदारों से बात करने के लिए करता था। पूछताछ के दौरान परिवार ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते अवैध रूप से देश में घुसे थे। इन्होंने शुरू में भारतीय नागरिकता का दावा किया था, लेकिन गहनता से पूछताछ में इनका संबंध बांग्लादेश के कुरीग्राम जिले से निकला। पकड़े गए बांग्लादेशियों में एक 45 दिन का शिशु भी शामिल है। सभी को निर्वासन कार्यवाही के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया। पुलिस अब इनकी मदद करने वालों की तलाश में जुटी है।

## लंबित जन शिकायतों का जल्दी से निपटारा करें अधिकारी : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** लंबित जन शिकायतों का विभाग के अधिकारी जल्द से जल्द निपटारा करें। यह निर्देश रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को हर शनिवार को आयोजित जन सुनवाई शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करने और समयबद्ध एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि लगातार लंबित जन शिकायतों वाले विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने अपील की कि दिल्ली के नागरिक जन सुनवाई शिविरों का अधिकतम उपयोग करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार जनता की मालिक नहीं, बल्कि उसकी सेवक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसी दृष्टिकोण को धरातल पर उतारते हुए दिल्ली सरकार ने जनता से सीधे संवाद को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान दिया है। जनसुनवाई के माध्यम से जनता की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुनकर समाधान करने की पहल को व्यापक सराहना मिल रही है। इसी दिशा में जनप्रतिनिधियों मंत्री, विधायक एवं पार्षद के साथ जिलाधिकारी एवं एसडीएम जनसुनवाई कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। यह कदम शासन को जन-जन तक पहुंचाने एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



## खबर संक्षेप

### वाहन चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा वाहन चोरों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, अपराध शाखा की टीम ने एक वाहन चोर कुलदीप उर्फ कल्लू वासी भैंसरावली को गिरफ्तार किया है। अलविनुस तिरकी वासी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 21-22 मार्च की रात को एडोर सोसाइटी की पार्किंग से कोई नामालूम उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया।



### युवती के अकाउंट से 80 हजार रुपए निकाले

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना एरिया में एक व्यक्ति ने एटीएम बूथ पर मदद करने के बहाने एक युवती का डेबिट कार्ड बदलकर अकाउंट से 80 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। यमुनानगर की सीमा तंवर ने कहा कि वह गुरुग्राम के शिवपुरी में रहती है। 22 मई को पांच बजे एटीएम बूथ पर रुपए निकालने के लिए गई थी।




### सामान बेचने के नाम पर 1.11 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज ने फेसबुक पर सामान बेचने के नाम पर एक भूतपूर्व कर्मचारी से 1,11,500 रुपए की ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में डूंडाहेड़ा निवासी महेश चंद्र ने कहा कि वह बीती 9 मई को फेसबुक पर कुछ सर्च कर रहा था। इसी दौरान उसने घर का पुराना सामान बेचने के बारे में एक विज्ञापन देखा। इसके बाद महेश के पास व्हॉट्सअप के जरिए मैसेज और कॉल आए।




# देश निर्माण में माता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता: मूलचंद शर्मा

## माता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिवस पर भाजपा द्वारा किया गया जिला संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के रुप में मना रही है। इसी को लेकर रविवार को बल्लभगढ़ के महाराणा प्रताप भवन में एक जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रुप से पूर्वमंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक पं. मूलचंद शर्मा, बल्लभगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, एनआईटी से विधायक सतीश कुमार फागना, भाजपा नेत्री नीरा तोमर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ममता राघव, जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अनुराग गर्ग रहे जबकि मंच संचालन सुनीता बघेल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सभी गणमान्य लोगों ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री एवं विधायक पंण मूलचंद शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर द्वारा देश निर्माण में दिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बनवाए, कुओं और



बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए, काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया। उन्होंने भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्न क्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मंदिरों में मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु विद्वानों की नियुक्ति की। यही नहीं उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों की सेवा व महिलाओं को सशक्त बनाने में समर्पित कर दिया, यही कारण है कि भाजपा उनके जन्मदिवस को त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के रुप में मना रही है ताकि उनके स्वर्णिम इतिहास के बारे में लोगों को संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके। इस मौके पर बल्लभगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा कि देशभर में अहिल्याबाई होल्कर का नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके द्वारा अपने जीवन काल में किए गए कार्यो का ब्यौरा अलग-अलग राज्यों की पाठ्य पुस्तकों में अध्याय के रूप में शामिल है। चूंकि अहिल्याबाई होल्कर को एक ऐसी महारानी के रूप में जाना जाता है,भारत के अलग-अलग राज्यों में मानवता की भलाई के लिये अनेक कार्य किये थे इसलिये भारत सरकार तथा विभिन्न राज्यों की सरकारों ने उनकी प्रतिमाएं बनवायी हैं और उनके नाम से कई कल्याणकारी योजनाओं भी क्रियान्वित की हुई है। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने आत्म-प्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके सदा न्याय करने का प्रयत्न किया। साथ ही महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तीकरण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किये। उन्होंने कहा कि ऐसी महान विभूति को आज हम सभी नमन करते है और उनके बताए आदर्शो पर चलते हुए समाज व देश निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लेते है। इस अवसर पर भाजपा नेता कविन्द्र फागना, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, मूलचंद मित्तल, डॉ. आरएन सिंह सहित अनेकों पार्षदगण व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय 10 वें देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार समारोह में डॉ.अमित आर्य सहित 8 पत्रकारों का सम्मान

# लोकहित में संवाद की विधा ब्रह्मांड के आद्य पत्रकार देवर्षि नारद से शुरु हुई: मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने देवर्षि नारद जयंती समारोह की बधाई देते हुए कहा कि वे ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार थे और लोकहित में सर्वप्रथम नारदजी से ही संवाद की विधा शुरु हुई। हमारे सामने नारद जी की चरित्र सत्यता पर अडिग रहने वाले पात्र के रुप में है जोकि प्रेरणादायी है, लेकिन आज के समाज में यह कार्य कठिन जरुर है, मगर साथ ही इस मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि हमें जो भी सूचना देनी होती है वह सत्य और तथ्य पर आधारित होनी चाहिए।

मंत्री गोयल रविवार को प्रदेश स्तरीय देवर्षि नारद जयंती एवं 10 वें पत्रकार सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रख्यात पत्रकार डॉ. अमित आर्य को हरियाणा पत्रकारिता गौरव पुरस्कार, देवर्षि नारद आजीवन उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान पुरस्कार उत्तम राज फरीदाबाद, महिला पत्रकारिता गौरव पुरस्कार साक्षी शर्मा पंचकूला, पत्रकारिता नारद सेवा सम्मान ज्ञानेंद्र भरतरिया, समाजिक सरोकार देवर्षि नारद सम्मान पुरस्कार प्रियंका सौरभ गुरुग्राम, नागरिक पत्रकारिता सम्मान पुरस्कार सुशील नवीन हिसार, डिजिटल मीडिया सम्मान पुरस्कार यशपाल कंचन जींद, ग्रामीण विषयक पत्रकारिता सम्मान पुरस्कार प्रवीण कुमार तोशाम को सम्मान स्वरुप प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार राशि, स्मृति चिह्न और पटका देकर कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन कुमार, प्रेम पसरीचा, स्काईमैप फार्मास्यूटिकलस प्राईवेट लिमिटेड के एमडी संजय गुप्ता आदि।

*भारत को भारत के नजरिये से देखने की जरुरत, विदेशी चश्में से नहीं: जतिन कुमार*

*पत्रकार बिना पक्षपात के राष्ट्रहित में पत्रकारिता करें: अमीश देवगन*



### आयोजन में सम्मानित किए गए पत्रकारों को बधाई दी

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें कोई भी ऐसा समाचार प्रचारित और प्रसारित ना करें, जिससे समाज में भ्रमित हो। उन्होंने कहा कि यह दौर सोशल मीडिया का है, इसका दायरा और भूमिका भी सरकार के साथ मिल तय करने की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मानित किए गए पत्रकारों को बधाई दी और देवर्षि नारद जी का अनुसरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 2014 से अब तक पत्रकारों के हित में अनेक कार्य किए। इनमें पत्रकारों की सम्मान पेंशन, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, यात्रा सुविधा और अन्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और संवाद का सहयोगी है, जिसे अपनी ड्यूटी परिपक्वता से निभाई चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन कुमार ने कहा कि कोविड के समय में स्वास्थ्य और सुरक्षा कर्मियों का सम्मान हुआ। वहीं उन सभी को समाज के सामने लाने वाले पत्रकार भी सम्मान के पात्र हैं और यह कार्य विश्व संवाद केंद्र के प्रयासों से भी हुआ। उन्होंने कहा कि विश्व संवाद केंद्र हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से जिला एवं प्रदेश स्तरीय देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कलम में बड़ी ताकत हैएपत्रकारों कै कार्य केवल देश दुनिया को जानकारी देना नहीं है, अपितु देश दुनिया के हित में जनमत तैयार करना पत्रकारिता का मूल उद्देश्य है।

### वीर सावरकर को समझना है तो उनके जीवन को पढ़ना जरूरी

देश के प्रख्यात पत्रकार एवं न्यूज एंकर अमरीश देवगण ने कहा कि इस देश में वीर सावरकर को लेकर झूठी भ्रांति फैलाई गई, जिस महान क्रांतिकारी को दो बार काले पानी की सजा हुई, उसे गद्दार बताया गया। अगर वीर सावरकर समझना है तो उनके जीवन को पढ़ना जरुरी है। हम उन सभ्यताओं से प्रेरणा लेते हैं जो हमारे से आधी हैं जबकि भारत की पद्धति विज्ञान आधारित है। पत्रकार के लिए पहले देश है उसके बाद और कुछ। स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों ने अभूतपूर्व कार्य किए थे। यह विश्व संवाद केंद्र का ही सफल प्रयास हैं कि आज लोग इस बात को स्वीकार करते हैं कि नारदजी आद्य पत्रकार हैं। देश का व्यूज ठीक हो, यह प्रयास विश्व संवाद केंद्र कर रहा है। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना, विभाग संघचालक अरविंद सूद, सह विभाग संघचालक जयकिशन, वीरभान शर्मा, संजीवन कुमार, विभाग कार्यवाह राजेश महेश्वरी, त्रिसंगठन मंत्री आरोग्य भारती, एमडीयू के रजिस्ट्रार केके गुप्ता, मानव रचना शिक्षण संस्थान के रजिस्ट्रार रमेश अरोड़ा, सरकार तलवार आदि उपस्थित रहे।

## सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले मंत्री

# कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ: सुनील शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रविवार को यहां कहा कि कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता में हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी उसके अधिकार से वंचित न किया जाए। श्री शर्मा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर में कोरी समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया। कोरी समाज की बदौलत ही समाज बेहतर से बेहतर परिवेश में रहता है या यूं कहें इन्होंने ही हम सबको पहनना सिखाया।

इस सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को आना था लेकिन व्यस्तता के चलते वह नहीं आ सके। शर्मा मौर्य का संदेश लेकर पहुंचे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम कोरी समाज की सेवा और विकास हेतु सदैव तत्पर रहेगा। समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयास वास्तव में ही सराहनीय हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष श मयंक गोयल ने कहा,कि भाजपा सदैव सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है और कोरी समाज की मांगों को पार्टी मंच पर पूरी ताकत से रखा जाएगा। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता हमें प्रेरणा देती है। मैं सदैव समाज के साथ खड़ा हूं और संसद में समाज की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाऊंगा। जाति प्रमाण पत्र सहित सभी मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार से संवाद किया जाएगा। सरकार समाज की हर उचित मांग को गंभीरता से ले रही है और हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। कोरी समाज के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने कहा कि हमने मंच से एक मांग पत्र सौंपा है जिसमें जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को दूर करने, आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को समाप्त करने, तथा युवाओं को सरकारी नौकरियों में उचित भागीदारी देने की मांग की गई है।

# फरीदाबाद में आंधी-बारिश से मकान की छत गिरी, एक ही परिवार के 5 लोग दबे

## तिगांव में आसमानी बिजली गिरने से तीन भैंसों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रविवार की अल सुबह करीब 3 बजे काल बैसाखी तूफान के चलते औद्योगिक नगरी अस्त-व्यस्त हो गई। तेज आंधी और बारिश व आसमानी बिजली गिरने से भारी नुकसान हुआ है।

एक मकान की छत का कुछ हिस्सा भरभरा कर गिर गयाए जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं तिगांव में आसमानी गिरने से तीन भैंस भी मरी है। अल सुबह आई तेज आंधी के चलते सेक्टर.23 स्थित संजय कॉलोनी की गली नंबर.8 में रहने वाली इंदु देवी ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले की रहने वाली है। पिछले कई सालों से वह यहां पर किराए के मकान में रह रहे है। रात को उनका बेटा श्रवण कुमार, छोटी बेटी रूपम, बड़ी बेटी



अपने 1 साल के बेटे के साथ और बड़ा नाती मिथलेश मौजूद थे। ये सभी लोग मकान के उसी हिस्से में सो रहे थे, जिस पर रात के समय अचानक तेज बारिश और तूफान के चलते छत का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया। छत के गिरते ही शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को वहां से निकालकर इलाज के लिए नागरिक अस्पताल बीके भिजवाया। इस हादसे में सबसे ज्यादा चोट इंदू के नाती मिथलेश को आई है। छत का एक टुकड़ा उसके सर पर आकर लगा। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक साल के बच्चे को भी हाथ में चोटें आई हैं। लेकिन उसकी हालत फिलहाल स्थिर है। उनकी बड़ी बेटी बल्लभगढ़ से अपने बेटे और बड़े नाती मिथलेश के साथ घर पर कुछ दिन के लिए घूमने आई थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि हादसा प्राकृतिक आपदा के चलते हुआ है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज के ऊपर लगे टिनशेड तेज आंधी की चपेट में आकर उड़ गए, वहीं रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है, वह भी आंधी की चपेट में आ गई। जीआरपीए आरपीएफ व टिकट आरक्षण कार्यालय के लिए बनाए जा रहे भवन की सैंटरिंग का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे निर्माण कार्य को नुकसान पहुंचा है।

## बारिश में एसीपी कार्यालय के कमरे की छत गिरी दबने से दरोगा की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली में शनिवार/रविवार की रात करीब ढाई बजे हुई मूसलाधार बारिश के कारण एसीपी अंकुर विहार के। इंदिरपुरी स्थित कार्यालय में बने कमरे की छत गिर गई। जिसमें दबने से वहां मौजूद दरोगा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरोगा के शव की कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम की करवाई शुरू कर दी है। मृतक दरोगा का नाम वीरेंद्र कुमार मिश्रा था और वह एसीपी अंकुर के पेशकार थे। वह मूलरूप से इटावा के रहने वाले थे। उनका परिवार दिल्ली में रहता है। वह कमरे में सो रहे थे। थे। बारिश कारण कमरे की छत गिर गयी। जिसमें वह दब गए। सुबह को उनकी मौत का पता चला। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि शनिवार रात दरोगा वीरेंद्र कुमार मिश्रा कार्यालय में ही सो गए थे। रात करीब 2:30 बजे तेज बारिश के चलते उनके कार्यालय के एक कमरे की छत गिर गई। छत गिरने से वीरेंद्र कुमार मिश्रा मलबे में दब गए। रविवार सुबह पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग एसीपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने वीरेंद्र कुमार को मलबे से निकाला। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया।उधर दरोगा की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया है। एसीपी ने बताया कि दरोगा के परिजनों व संबंधित अधिकारियों को अवगत कर दिया गया है। आगे की विधिक करवाई की जा रही है।

# गाजियाबाद में 12 घंटों में दो पुलिस मुठभेड़, दोनों लुटेरे हुए घायल, लुटेरों से स्कूटी और 1700 रुपए बरामद

## 12 घंटे के दौरान दूसरी मुठभेड़ जारी, 315 बोर, 1 खोखा कारतूस बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन जारी है । इसी क्रम में गाजियाबाद पुलिस ने रविवार की तड़के एक चेन लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से लूटेरा घायल हो गया है । पिछले 12 घंटे के दौरान बदमाशों के साथ गाजीपुर बाद पुलिस की है दूसरी मुठभेड़ है । मुठभेड़ों में दोनों ही अपराधी घायल हुए हैं ।

इससे पहले कोतवाली पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित माल के बाहर चेन स्नैचिंग करने वाले बदमाश नईम को गिरफ्तार किया था। एसीपी श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि थाना लिंक रोड पुलिस अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए महाराजपुर मंदिर के तिराहे पर दिल्ली से आने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक बिना नम्बर प्लेट की स्कूटी सवार एक व्यक्ति आनंद विहार दिल्ली की तरफ से आता दिखाई दिया। जिनको चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया गया। तो नहीं



रुका और अपनी स्कूटी को पीछे मोड़कर महाराजपुर की तरफ भागने लगा शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया । पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहा बदमाश कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे खाली पडे मैदान में स्कूटी को तेजी से भगाने व मैदान ऊबड़ खाबड़ व मिट्टी होने के कारण स्कूटी फिसल कर गिर गई । पुलिस पार्टी को पीछे आते देख भाग रहे बदमाश ने पुलिस पार्टी पर सीधा फायर कर दिया । पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश का नाम विवेक निवासी शिव्वनपुरा थाना सिहानी गेट है। जिसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर, 1 खोखा कारतूस व 1 जिंदा कारतूस 1 चोरी की स्कूटी व स्नैचिंग के मोबाइल फोन बेचकर प्राप्त 1700 नगद बरामद हुए ।

गिरफ्तार अभियुक्त विवेक से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि विवेक ने दिनांक 29अप्रैल को वैशाली मैट्रो स्टेशन के पास से एक महिला से और 23 अप्रैल को मोहन नगर मेट्रो स्टेशन के पास से मोबाइल फोन छीना था जिसे उसने राह चलते व्यक्ति को बेच दिया था ।

## महिला वकील ने मौके पर मौजूद व्यक्तियों को गवाह बनाया, एसआईटी करेगी दोनों मामलों की जांच

# महिला एडवोकेट ने एसएचओ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-50 थाना में महिला से व महिला हेड कांस्टेबल से मारपीट करने के बाद महिला एडवोकेट ने अब थाना प्रभारी पर दुष्कर्म, उत्पीड़न व अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला एडवोकेट की शिकायत पर दिल्ली के सब्जी मंडी थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की है। मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एसीपी क्राइम अगेंस्ट वूमेन सुरेंद्र कौर की अगुवाई में एसआईटी गठित की है।

दरअसल, सेक्टर-51 स्थित महिला थाने में एक दंपत्ति के बीच दहेज को लेकर मामला चल रहा है। महिला थाने में दोनों पक्षों की काउसलिंग के बाद थाने के बाहर दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। महिला के पति के साथ अधिवक्ता बीती 21 मई को थाने में आई थी। झगड़ा होने पर महिला थाने से सेक्टर-50 थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दंपती को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर लेकर जाने लगे,तो महिला वकील ने भी साथ चलने के लिए कहा। लेकिन पुलिस ने मना कर दिया। कुछ देर बाद महिला अधिवक्ता सेक्टर-50 थाना में पहुंची और मुवक्किल की पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। थाना में जब महिला हवलदार बीच-बचाव के लिए आई, तो महिला अधिवक्ता ने महिला हवलदार के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके बाद थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों को देख लेने की धमकी भी दी। महिला वकील को शांत करवाया गया और उसके खिलाफ महिला हवलदार की शिकायत पर सेक्टर-50 थाने में मामला दर्ज किया गया। उसके बाद महिला वकील को शामिल जांच करने के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया।

अब महिला एडवोकेट ने दिल्ली के सब्जी मंडी थाने में दी गई शिकायत में बताया कि 22 मई की रात को उसे एक मामले में पूछताछ के बहाने थाने बुलाया गया और फिर रात करीब 3 बजे तक जबरन थाने में बैठाकर रखा गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने उसके साथ अभद्रता की और गंभीर यौन उत्पीड़न भी किया। एसएचओ ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उसके साथ शारीरिक और मानसिक रूप से अत्याचार किया। दिल्ली पुलिस द्वारा एसएचओ के खिलाफ दर्ज की गई जीरो एफआईआर के संबंध में गुरुग्राम पुलिस ने अपना पक्ष रखा है। पुलिस की तरफ से बताया गया कि 21 मई को मारपीट और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले में महिला वकील सहित कई अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पाई गई थी। मौके पर मौजूद कई अन्य व्यक्तियों को गवाह बनाया गया है।

### एसएचओ का कहना

मामले में सेक्टर-50 थाना प्रभारी सत्यवान ने महिला वकील द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से मनगढंत और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में दर्ज केस से बचाव के लिए उसने ऐसा किया होगा। मारपीट के मामले में नियमानुसार इन्वेस्टिगेशन शुरू किया गया था। इस दौरान महिला वकील का मेडिकल परीक्षण करवाया गया, जिसके बाद उन्हें अन्य वकीलों के हवाले किया गया।

### पुलिस प्रवक्ता का कहना

इस बारे में पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि जीरो एफआईआर में लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी। लेकिन यह भी साफ है कि महिला वकील के खिलाफ पहले से दर्ज मारपीट का मामला पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत दर्ज किया गया है। दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है।

# पुलिस की वर्दी पहने युवक ने की असिस्टेंट डायरेक्टर से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिलासपुर एरिया में दिल्ली पुलिस की वर्दी पहने युवक द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के असिस्टेंट डायरेक्टर ने 15 हजार रुपए लूट लिए। आरोपी ने एनएच-48 पर बिलासपुर के पास पीड़ित की कार को रुकवाया और मारपीट करने के साथ कार की चाबी भी साथ ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के कोटपुतली निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह खादी और ग्रामोद्योग आयोग मुंबई में सहायक निदेशक-1 के पद पर कार्यरत हैं। बीती 24 मई 2025 को सुबह 5 बजे वह अपने भाई प्रवेश यादव की गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए निकले थे। सुबह 6:00 से 6:30 बजे के बीच जब वह बिलासपुर के पास पहुंचे, तभी एक अनजान काले रंग की ब्रेजा कार ने उनकी गाड़ी के आगे कट मारकर उन्हें रोकने की कोशिश की। अमित ने गाड़ी साइड में रोकी, तभी उस कार से एक व्यक्ति बाहर निकला, जिसने दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। उसकी वर्दी पर कर्मवीर नाम लिखा था। उसने जोर-जबरदस्ती करते हुए अमित का आईडी कार्ड, गाड़ी की चाबी छीन ली और डेशबोर्ड से उनके भाई के 15,000 रुपए भी लूट लिए। जब अमित ने उसका फोटो या वीडियो बनाने की कोशिश की, तो उसने मोबाइल छीनने की कोशिश की।

# रामलला के मंदिर में भोलेनाथ का आगमन, अयोध्या में 31 मई को होगा दिव्य क्षण

## 3 जून से मंदिर में सभी मूर्तियों की नियमित पूजा-अर्चना शुरू कर दी जाएगी

31 मई को भगवान शिव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में स्थापना की जाएगी। मंदिर परिसर में सभी आवश्यक मूर्तियां पहुंच चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी एक और ऐतिहासिक घोषणा सामने आई है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जानकारी दी है कि 31 मई को भगवान शिव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में स्थापना की जाएगी। मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में सभी आवश्यक मूर्तियां पहुंच चुकी हैं और अब प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। 3 जून से मंदिर में सभी मूर्तियों की नियमित पूजा-अर्चना शुरू कर दी जाएगी।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर का निर्माण तेजी से अपने पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। सप्त मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है और पारकोटा यानी मंदिर के चारों ओर की परिक्रमा पथ का 90 प्रतिशत कार्य जून-जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।



### सप्त ऋषियों और पौराणिक पात्रों की मूर्तियां भी होगी स्थापित

राम मंदिर परिसर में सप्त ऋषियों और पौराणिक पात्रों की भी मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। इनमें शामिल हैं, महर्षि वाल्मीकि (रामायण के रचयिता), ऋषि अगस्त्य (वेदों के ज्ञाता), विश्वामित्र (राम के जीवन में अहम भूमिका निभाने वाले ऋषि), गुरु वशिष्ठ (राम के कुलगुरु), अहल्या (राम द्वारा उद्धार प्राप्त करने वाली पावन स्त्री), शबरी (राम को बेर अर्पित करने वाली भक्त) और निषादराज (वनवास के समय राम के सहयोगी)।

### नागर शैली में किया गया है मंदिर का निर्माण

मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। इसका आकार 380 फीट लंबा (पूर्व से पश्चिम), 250 फीट चौड़ा और 161 फीट ऊंचा है। कुल 392 नक्काशीदार स्तंभ और 44 भव्य द्वार मंदिर को आधार प्रदान करते हैं।

### प्रदर्शनी और ऑडिटोरियम का कार्य भी हो चुका है प्रारंभ

मंदिर में प्रदर्शनी और ऑडिटोरियम का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिसे मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। आने वाले दो महीनों में श्रद्धालुओं को मंदिर के सभी भागों में जाने की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले शुक्रवार को नृपेंद्र मिश्र ने बताया था कि भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की प्रतिमाएं मंदिर की पहली मंजिल पर स्थापित की जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि सितंबर-अक्टूबर तक राम मंदिर परिसर का शेष निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। जल निकासी, वाटरप्रूफिंग और अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य चल रहे हैं।

## खबर संक्षेप


### मलबे में दबकर महिला की मौत

**लखनऊ।** 25 मई सुबह तेज आंधी और बारिश से थाना पाली मुकीमपुर की ग्राम पंचायत रायपुर खास के माजरा गांव नगला घोसी में एक मकान की छत गिर गई। मलबे में दबकर 60 वर्षीय महिला जयरानी की मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया। बाबूराम की पत्नी जयरानी देवी मकान के एक कमरे में सो रही थी। तेज हवा और बारिश के कारण मकान की छत के ऊपर की दीवार अचानक गिर गई।



### गंगा में डूबे दो भाई व भतीजा, तीनों की मौत

**अमेठी।** पिता की अस्थि विसर्जन करने से पहले गंगा में नहाते समय दो भाई व भतीजा डूब गए। तीनों की मौत हो गई। घटना से घर में कोहराम मच गया। घरवालों की चीखें और सिसकियों ने हर किसी को झकझोर दिया। यूपी के अमेठी के एक परिवार के लोग रविवार की सुबह पिता की अस्थि विसर्जन के लिए रायबरेली के डलमऊ स्थित रानी शिवाला गांगा घाट गए थे। वहां अस्थि विसर्जन से पहले स्नान करते समय दो भाई और भतीजा डूब गए।



### ट्रैक्टर में लगी भीषण आग, जलकर हुआ राख

**पटना।** अचानक ट्रैक्टर के इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने सतर्कता दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। चालक के कूदते ही बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी और आग की चपेट में आ गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में ट्रैक्टर ट्रॉली धू-धू कर जलने लगी। सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और एनएच पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी।



## सीएम योगी ने इसी वर्ष लघु सेतुओं के कार्य करने के दिए निर्देश

# यूपी के 12 जिलों में बनेगा नया रिकॉर्ड योगी सरकार ने दिए 37.82 करोड़

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश के 12 जिलों में निर्माणाधीन लघु सेतुओं का निर्माण इसी वर्ष पूरा करने का लक्ष्य लोक निर्माण विभाग को शासन ने दिया है। इनके निर्माण को पूरा करने के लिए 37.82 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी शासन ने दे दी है। इन लघु सेतुओं में सर्वाधिक आठ सेतु शामली में हैं। इस राशि से गोरखपुर व चित्रकूट में चार-चार, जालौन, बहराइच व बाराबंकी में दो-दो और संत कबीर नगर, झांसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, प्रयागराज, सिद्धार्थ नगर में एक-एक लघु सेतु का निर्माण पूरा किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 781 लघु सेतुओं के निर्माण को कार्ययोजना में शामिल किया था। इनके निर्माण पर 1,443 करोड़ रुपए खर्च किया जाना है। पिछले वर्ष की कार्ययोजना देरी से तैयार होने के कारण तमाम लघु सेतुओं का निर्माण शुरू नहीं कराया जा सका था। विभागीय मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

### 11वीं का छात्र है नाबालिग आरोपी



उन्होंने निर्देश दिए थे कि स्थानीय जन प्रतिनिधियों की राय लेकर संबंधित जिला प्रशासन की स्वीकृति के बाद लघु सेतुओं के निर्माण को कार्ययोजना में शामिल किया जाए। इसके बाद नए सिरे से लोक निर्माण विभाग ने कार्ययोजना तैयार की थी। जिन लघु सेतुओं का निर्माण शुरू हो चुका है उनका निर्माण इसी वर्ष पूरा कराने के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्ययोजना के अनुसार शासन ने संबंधित राशि की स्वीकृति प्रदान करनी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में जालौन, झांसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, प्रयागराज, सिद्धार्थ नगर, चित्रकूट, शामली, गोरखपुर में बनने वाले लघु सेतुओं के लिए 20.96 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### जाम से मिलेगी राहत, कनेक्टिविटी भी होगी बेहतर

प्रदेश के कई शहरों में रोजाना घंटों ट्रैफिक जाम लगता है। खासकर दफ्तरों और स्कूल-कॉलेज के समय लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो।

### यूपी में मिलेगी जाम से राहत, कनेक्टिविटी भी होगी बेहतर

लखनऊ। प्रदेश के कई शहरों में रोजाना घंटों ट्रैफिक जाम लगता है। खासकर दफ्तरों और स्कूल-कॉलेज के समय लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो।

## आस्था का अपमान

### शरीर पर देवी-देवताओं के टैटू...संत प्रेमानंद ने लोगों से ऐसा पाप न करने की अपील की

एजेंसी ▶▶ मथुरा



मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भगवान के नाम या चित्रों के टैटू शरीर के अंगों पर बनवाने को अनुचित करार दिया है। उन्होंने कहा कि हाथों, पैरों या अन्य शारीरिक अंगों पर देवी-देवताओं के नाम या स्वरूपों का टैटू बनवाना धार्मिक दृष्टिकोण से अपराध की श्रेणी में आता है।

एक युवक के हाथ पर बने 'महादेव' के टैटू को देखकर संत प्रेमानंद ने ये टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इन्हीं हाथों से शौचालय जाते हैं, नहाते वक्त उन्हीं हाथों पर पानी डालते हैं, ऐसे में भगवान के नाम या रूप पर जल गिराना या उन्हें अपवित्र करना कहीं न कहीं धर्म के खिलाफ है। इससे पुण्य कम होता है और यह आस्था का अपमान है। संत प्रेमानंद महाराज ने युवाओं से अपील की कि वे धार्मिक प्रतीकों और नामों का सम्मान करें और उन्हें इस तरह के टैटू के रूप में शरीर पर न बनवाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा हृदय में होनी चाहिए, शरीर पर नहीं।

### धूमधाम से मनाई गई दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती

एजेंसी ▶▶ शिवहर



शहर के गांधीनगर भवन में रविवार को अखिल भारतीय वैश्य परिवार के बैनर तले दानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस मौके पर बिहार सरकार के संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री सह शिवहर जिला प्रभारी मोतीलाल प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, पूर्व सांसद रमा देवी, एमएलसी रेखा कुमारी, पूर्व विधायक केदारनाथ प्रसाद समेत कई गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने वैश्य समाज की एकता और राजनीतिक भागीदारी पर बल देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में संगठित प्रयास की जरूरत बताई।

## पूर्व की रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर पथराव और फायरिंग, एक को लगी गोली

एजेंसी ▶▶ पटना

राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन हो रही वारदातों से साफ है कि अपराधियों में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं है।

ताजा मामला मनेर थाना क्षेत्र के ब्यापुर गांव का है, जहां पूर्व की रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर पथराव और ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस घटना में एक युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर किया गया है।



घटना रविवार को दिनदहाड़े हुई, जब एक पक्ष के लोगों ने दुसरे पक्ष के घर पर धावा बोलते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में दूसरे पक्ष ने भी पथराव और फायरिंग की। देखते ही देखते गांव की गलियां रणक्षेत्र में तब्दील हो गईं। चारों ओर ईंट-पत्थरों के ढेर लग गए और कई घरों की दीवारें गोलियों से छलनी हो गईं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार की देर रात को भी दोनों पक्षों के बीच झड़प और फायरिंग हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन स्थिति को नियंत्रित करने में नाकाम रही। इसके बाद रविवार को फिर से हिंसा भड़क उठी।

## पेज एक का शेष

### 82,950 करोड़ की...

रेलवे, जल आपूर्ति, शहरी विकास, सड़क और बंदरगाह अवसंरचना, पर्यटन तथा सांस्कृतिक स्थल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

### भारत अब दुनिया....

चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ने एक तेज कदम बढ़ाया है, एक बड़ी छलांग लगाई है! इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

**भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी छोड़ देगा पीछेः** - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया है कि अगर यही रफ्तार रही तो भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। भले ही पर्चेजिंग पावर पैरिटी पर आधारित भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं से काफी नीचे है, लेकिन देश ने हाल के दशकों में अंतर को कम कर दिया है। 1990 और 2023 के बीच भारत की औसत प्रति व्यक्ति जीडीपी में 6.7 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। जबकि जर्मनी में 3.9 प्रतिशत, जापान में 2.8 प्रतिशत और अमेरिका में यह तेजी 3.8 प्रतिशत की ही थी. केवल चीन 10.3 प्रतिशत की तेजी से भारत से भी तेज आगे बढ़ा है।

### तेजप्रताप को 6 साल...

**अनुष्का के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था तेजप्रताप ने :** तेज प्रताप यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 साल से रिलेशन में हैं। लालू प्रसाद यादव ने इस वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

**तेजस्वी ने अध्यक्ष लालू के फैसले का समर्थन किया :** तेजस्वी यादव ने भी कहा कि वह (तेजप्रताप) अपने निजी जीवन का फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष लालू यादव के फैसले के समर्थन में हैं। उन्होंने तेजप्रताप के बारे में कहा कि वह एडल्ट हैं, और अपना फैसला खुद ले सकते हैं। जहां तक मेरी बात है, मुझे ये सब न तो पसंद है और न ही बर्दाश्त। मैं अपना काम कर रहा हूं। जहां तक बड़े भाई की बात है, निजी जिंदगी अलग है, वो बड़े हैं और उन्हें अपना फैसला लेने का हक है। लालू जी ने ट्वीट कर अपनी भावनाएं स्पष्ट कर दी हैं। मुझे ये सब बातें पसंद नहीं। वो अपनी निजी जिंदगी में क्या कर रहे हैं, ये नहीं पूछते। मुझे मीडिया से ही पता चला।

### लालू बोले- मैं लोकजीवन...

*नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।*

## विशेष सतर्कता के दिए निर्देश

### बर्ड फ्लू के खतरे को भांपते हुए चिड़ियाघर पहुंचे प्रधान मुख्य वन संरक्षक



एजेंसी ▶▶ कानपुर

पिछले दिनों बर्ड फ्लू को लेकर चर्चा में आए चिड़ियाघर का रविवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव अनुराधा वेमुरी व राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य सचिव नीरज कुमार ने निरीक्षण किया।

उन्होंने चिड़ियाघर के अस्पताल, भंडारण गृह, झील को भी देखा। बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने, नियमित रूप से दवाओं का छिड़काव करने, वन्यजीवों के व्यवहार पर नजर रखने को कहा। यह भी निर्देश दिया कि जैसे ही बर्ड फ्लू की रिपोर्ट आती है, उन्हें सूचित करें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक किसी वन्यजीव में बर्ड फ्लू निकलने पर अन्य वन्यजीवों के नमूने लेकर जांच को भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे अधिक ध्यान पक्षियों के साथ शेर व बाघिनों के बाडों पर दिया। उन्होंने पूछा की कोई पक्षी मृत तो नहीं पाया गया है। सभी पशु-पक्षियों की नियमित जांच की जाए। अगर किसी वन्यजीव के व्यवहार में परिवर्तन दिखाई दें, खाना कम खाए तो उसे तत्काल आइसोलेट करने को कहा। साथ ही उसके नमूनों की जांच भी की जाए। जिन बाड़ों में पक्षी हैं, वहां के तालाब की नियमित रुप से सफाई भी कराई जाए। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि शुक्रवार को एक नीलगाय के बच्चे की भी आपस में लड़ाई के दौरान घायल होने के बाद मौत हो गई। उसके नमूने भी एहतियात के तौर पर जांच के लिए भेजे गए हैं। चिड़ियाघर की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के निर्देशानुसार सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया कि राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल को भेजे गए वन्यवीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

### 9 पशुओं के लिए गए सैंपल

बर्ड फ्लू से बचाव के लिए रविवार को पशुपालन विभाग की ओर से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जानवरों के 9 सैंपल लिए गए। जिसे जांच के लिए बरेली भेज दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जनपद में कही भी पक्षियों की अस्वाभाविक मृत्यु नहीं हुई है। साथ ही किसी पोल्ट्री या पोल्ट्री उत्पाद के विपणन व आवागमन पर जिला प्रशासन ने कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।

## तीनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई

### जब्त शराब पटना के थाने से गायब महिला दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी ▶▶ पटना



पटना के पाटलिपुत्र थाने से जब्त की गई शराब रहस्यमय तरीके से गायब हो गई है। इस मामले में पाटलिपुत्रा थाने के तीन पुलिसकर्मी महिला दारोगा आशा कुमारी, एएसआई पंकज कुमार और राजेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, एक सप्ताह पूर्व महिला दारोगा आशा कुमारी ने शराब की एक बड़ी खेप जब्त की थी, जिसे थाने के सरिस्ता में सुरक्षित रखा गया था। लेकिन जब मालखाना प्रभारी ने जब्ती सूची के आधार पर शराब की गिनती की, तो बोतलों की संख्या कम पाई गई। इस पर प्रभारी ने जब आशा कुमारी और छापेमारी दल में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ की, तो सभी ने शराब ले जाने से इनकार कर दिया। (मध्य) स्वीटी सेहरावत को सौंपी गई। सिटी एसपी ने खुद वीडियो फुटेज खंगाले और गुरुवार शाम पाटलिपुत्रा थाना पहुंचकर संबंधित पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जब पुलिसकर्मी घिरते नजर आए, तो वे चुपचाप थाने से निकल गए। इसिटी एसपी के निर्देश पर पाटलिपुत्रा थाने में ही तीनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

### तेज रफ्तार कार की खड़े ट्रक से टक्कर, दो की मौत, तीन घायल

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी



मोतिहारी जिले में स्टेट हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यह घटना डुमरियाघाट इलाके के जलवाटोली गांव के पास स्टेट हाईवे 74 पर शनिवार देर रात हुई। एक तेज रफ्तार कार वहां खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मोतिहारी जिले में स्टेट हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। डुमरियाघाट इलाके में स्टेट हाईवे 74 पर जलवाटोली गांव के पास शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, कार नयागांव से लखनऊ जा रही थी। तभी खजुरिया केसरिया मार्ग में जलवाटोली गांव के पास खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। मृत लोगों में नीरज कुमार है जो दिनेश्वर प्रसाद के पुत्र बताए गए है। वह पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी टाऊन थाना अंतर्गत बलुआ टाल वार्ड नंबर 27 के रहने वाले थे। वही दूसरी मृतक ज्ञांती देवी है जो मुन्ना प्रसाद की पत्नी थी।

वह केसरिया थाना क्षेत्र के नयागांव की रहनेवाली है।

# माई-बहन के साथ अत्याचार और दुराचार करने वाले ही ला रहे योजना: जीतन राम

## केंद्रीय मंत्री मांझी ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत की

एजेंसी ▶▶ गयाजी



माई-बहन के साथ अत्याचार और दुराचार करने वाले ही योजना का लाभ देने की बात कर रहे हैं। उक्त बातें रविवार को गयाजी में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहीं। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर नीतीश कुमार को पलटू और फालतू बताया गया है।

इस पर उन्होंने कहा कि इन लोगों को सिर्फ सत्ता परिवर्तन से मतलब है। इन लोगों को लग रहा है कि कैसे जल्दी से सत्ता प्राप्त कर लें। इसलिए उल्टा-पुल्टा बोल रहे हैं। नीतीश कुमार बढ़िया से बिहार का शासन चला रहे हैं। 20 साल शासन चलाएं और आज भी चला रहे हैं। उनको किसी तरह से कोई पलटू राम कहता है तो वह भी तो कई बार पलटू वाला काम किए हैं। आज भाजपा की बात करते हैं, भाजपा के साथ मिलकर नीतीश कुमार कई बार सरकार चलाया है। वह अपने पलटू हैं तो वह दूसरे को पलटू क्यों कहते हैं। नीतीश कुमार बढ़िया से सरकार चला रहे हैं और 2025 में हम लोग उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेंगे।

इधर, नेता प्रतिपक्ष की माई बहन मान योजना पर उन्होंने बोला कि आज जहां भी जाइए हमारी बेटियों के साथ छेड़छाड़ करना बेटियों के साथ अन्य प्रकार की अत्याचार और दुराचार करने का जो भी मामला आता है। उसमें अधिकांश राजद के कार्यकर्ताओं द्वारा ही होता है। जो अपने कुछ इस तरह की बात कर रहे हैं और ख्याली पोलाव पका रहे हैं, यह योजना लाएंगे। वह बनेंगे तब न लाएंगे, बनने का तो कोई सवाल ही नहीं है। इसलिए जो मन में आता है, वह बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि माई बहन का प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम राजद के लोगों ने नहीं किया है।

इधर, नेता प्रतिपक्ष की माई बहन मान योजना पर उन्होंने बोला कि आज जहां भी जाइए हमारी बेटियों के साथ छेड़छाड़ करना बेटियों के साथ अन्य प्रकार की अत्याचार और दुराचार करने का जो भी मामला आता है। उसमें अधिकांश राजद के कार्यकर्ताओं द्वारा ही होता है। जो अपने कुछ इस तरह की बात कर रहे हैं और ख्याली पोलाव पका रहे हैं, यह योजना लाएंगे। वह बनेंगे तब ना लाएंगे, बनने का तो कोई सवाल ही नहीं है। इसलिए जो मन में आता है, वह बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि माई बहन का प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम राजद के लोगों ने नहीं किया है।



# जारी है 'रेड 2' का जलवा वीकेंड में बढ़ा कलेक्शन

**मुंबई।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज हुई थी। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को राजकुमार गुप्ता के डायरेक्ट किया है। मूवी में अजय और रितेश की एक्टिंग ने हर किसी का दिल जीता। फिल्म की कहानी को क्रिटिक्स के भी बेहतरीन रिव्यू मिले हैं। 'रेड 2' को रिलीज हुए 25 दिन हो गए हैं। फिल्म के रिलीज के इतने दिनों बाद भी ये शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच अब 'रेड 2' के चौथे शनिवार के कलेक्शन सामने आ चुके हैं। शनिवार को घरेलू बॉक्स पर 1.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ऐसे में अब इसका टोटल कलेक्शन 159.70 करोड़ रुपए हो चुका है।



## लाइफ Style

# आलिया

## ब्लू स्टोन से सजे गाउन में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बीती रात कान में अपना शानदार डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल गाउन में पहली बार कान की रेड कार्पेट पर उतरने वाली आलिया का कान से दूसरा लुक भी सामने आया है। इस बार आलिया ब्लैक ड्रेस में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आई हैं।

अपने दूसरे लुक में आलिया नीले रंग की ज्वेलरी से सजे जेम स्टडेड अरमानी प्रिवी गाउन में नजर आईं। आलिया के इस लुक को रिया कपूर ने स्टाइल किया था। आउटफिट आलिया भट्ट को काफी स्लीक लुक दे रहा था। गाउन के ऊपरी भाग में ब्लू कलर के जेमस्टोन लगाए गए हैं और बाकी के गाउन को छोटे-छोटे चमकदार स्टोन्स से सजाया गया है। आलिया भट्ट ने इस ब्यूटिफुल गाउन के साथ मैचिंग कलर के ब्लूस्टोन इयर रिंग्स पहने थे। इसके साथ ही आलिया ने मैचिंग हेडपीस पहना था और एक डायमंड रिंग भी पहनी थी।

इस दौरान एक्ट्रेस ने नो मेकअप लुक कैरी करने का तय किया था, जिसमें उन्होंने न तो कोई बोल्ड लिपस्टिक लगाई और न ही हाई कलर टोन लिया। इससे पहले आलिया भट्ट ने आइवरी-न्यूड शिआपरेली ड्रेस में कान की रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल डिजाइन गाउन में आलिया बेहद खूबसूरत नजर आईं। कान में अपने डेब्यू के लिए आलिया ने इटैलियन डिजाइनर एल्सा शिआपरेली के डिजाइन किए गए गाउन को पहना।

## हॉलीवुड मसाला



# प्राइवेट जेट में जला दी सिगरेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स अक्सर चर्चा में रहती हैं। स्टारडम, नशे और उत्पीड़न को लेकर सुर्खियों में रहीं सिंगर इस बार प्राइवेट जेट में शराब और सिगरेट पीने के कारण विवादों में घिर गई हैं। हंगामा होने के बाद ऑफिसर्स ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, 'ब्रिटनी अपने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ कैबो सैन लुकास, मेक्सिको से लॉक्स जा रही थीं, तभी उन्होंने शराब पीना शुरू कर दिया। फिर उन्होंने सिगरेट निकाली, उसे जलाया और स्मोक करना शुरू कर दिया।



# हैरी पॉटर के विक्टर क्रुम की हुई इमरजेंसी सर्जरी

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' फ्रेंचाइजी में 'क्विडिच' चैंपियन विक्टर क्रुम का किरदार निभाने वाले एक्टर स्टानिस्लाव नेवस्की से जुड़ एक खबर सामने आ रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां सांस लेने में तकलीफ के कारण उनकी सर्जरी हुई। एक्टर ने अपने बर्थडे पर इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए ये खबर अपने फैंस को दी। अपने पोस्ट में आगे एक्टर ने खुलासा किया कि ये फोटो उनके सर्जिकल रूम से बाहर आने के ठीक बाद ली गई थी। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे जन्मदिन के तुरंत बाद मुझे सांस लेने में दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुझे सर्जरी के लिए ले जाया गया और सर्जरी रूम से बाहर आने के ठीक बाद यह फोटो ली गई। हमेशा की तरह और जो लोग मुझे करीब से जानते हैं।



# शैतान की दुनिया से कुछ नया लेकर आईं


**मुंबई।** काजोल ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें अपनी नई फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर लिखा है, 'शैतान की दुनिया से'। काजोल की फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में भी यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। यह एक हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा फिल्म है। इसमें काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'मां'के डायरेक्टर विशाल फुरिया हैं। विशाल हॉरर जॉनर की फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में उनकी एक हॉरर फिल्म 'छोरी 2' रिलीज हुई। पिछले दिनों अपनी फिल्म 'मां' की रिलीज से पहले काजोल को कोलकाता के दिव्य दक्षिणेश्वर काली मंदिर में देखा गया।



# हर लड़की को शादी के लिए कह रहा था

**नई दिल्ली।** जहां गौहर खान 'बिग बॉस 7' की विनर रही थीं, वहीं साजिद खान इसके 16वें सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। पर कभी दोनों रिलेशनशिप में थे। कभी गौहर खान और साजिद खान की सगाई हुई थी, और शादी होने वाली थी। पर बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। साजिद खान ने बताया था कि वह और गौहर खान एक साल तक रिलेशनशिप में रहे। उन दोनों की सगाई भी हुई थी, जिसे मीडिया ने कवर किया था। साजिद ने ब्रेकअप के लिए अपनी गलतियों को जिम्मेदार ठहराया था। 'मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था, उन्हें झूठ बोल रहा था। कभी कुछ ऐसी बदतमीजी नहीं की, लेकिन हर लड़की को 'आई लव यू' और 'विल यू मैरी मी?' बोलता था। अब तक मेरी कोई 350 शादी होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई।

## टीवी मसाला



# 'नॉयनतारा' सीरियल में दिखेगी भूत-प्रेतों की कहानी

**नई दिल्ली।** जल्द ही एक सीरियल 'नॉयनतारा' में एक लड़की की कहानी दिखाई जाएगी, वह शादी करके नए घर में आती है तो उसका सामना एक नहीं, कई भूतों, आत्माओं से होता है। उसके ससुराल का भूतों से क्या नाता है? इसी उलझन को नॉयनतारा सुलझ जाएगी। इस सीरियल में लीड रोल में श्रुति बिष्ट, अर्जुन चक्रवर्ती और नारायणी शास्त्री हैं। इससे पहले भी कई हॉरर सीरियलों ने दर्शकों को डराया है। सीरियल 'जादू तेरी नजर-डायन का मौसम' भी एक सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इस सीरियल में डायन की कहानी को दिखाया गया है। सीरियल में खुशी दुबे, जियान खान, अदिति शर्मा और अंतरा बिस्वास (मोनालिसा) जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए। यह सीरियल कई बार टीआरपी लिस्ट में भी शामिल होता है। सीरियल 'नजर' भी एक हॉरर, सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इसके दो सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2018 में दर्शकों को देखने को मिला था। पहले सीजन में मोनालिसा, नियति फतनानी और हर्ष राजपूत लीड रोल में थे। इस सीरियल में डायन के रोल में मोनालिसा नजर आईं। दूसरा सीजन 2020 में प्रीमियर हुआ, इसमें मोनालिसा और श्रुति शर्मा लीड रोल में दिखीं। यह सीरियल हॉरर फैंटेसी के साथ रोमांटिक ड्रामा भी था। पिछले साल यह सीरियल दर्शकों को देखने को मिला। इसके पहले सीजन में नकिया हाजी, विभव रॉय ने लीड रोल निभाए। दूसरे सीजन में सुमित सिंह और रेयांश वीर चड्ढा ने लीड रोल निभाए थे। इसकी कहानी में एक परिवार के छिपे हुए डरावने राज सीरियल की लीड एक्ट्रेस के सामने आते हैं। 'कयामत की रात' साल 2018 का एक हिट सुपरनेचुरल, हॉरर ड्रामा सीरियल था। इसमें लीड रोल में करिश्मा तन्ना, निर्भय वाधवा और विवेक दहिया नजर आए। सीरियल में मधुरिमा तुली भी अहम किरदार निभाती दिखीं। इस सीरियल में प्यार, पुनर्जन्म की कहानी के साथ भूत वाला एंगल भी शामिल था। साल 2022 में एक सीरियल 'पिशाचिनी' भी दर्शकों को देखने को मिला। इस सीरियल में नायरा बैनर्जी, जिया शंकर और हर्ष राजपूत लीड रोल निभाते दिखे। सीरियल की कहानी एक लड़की रानी है, जो असल में एक पिशाचिनी है। वह एक परिवार से बदला लेना चाहती है। इसी कहानी के साथ सीरियल आगे बढ़ता है और दर्शकों को डराने में कामयाब रहता है।

# भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं 'बिब्बो'

**नई दिल्ली।** बिब्बो, जिनका असली नाम इशरत सुल्ताना था, भारतीय और पाकिस्तानी सिनेमा की एक मशहूर एक्ट्रेस, सिंगर और म्यूजिक कंपोजर थीं। बिब्बो का जन्म 1906 में हुआ था। बिब्बो 1930 और 1940 के दशक की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी से दर्शकों का दिल जीता।

**सिनेमा में शानदार सफर:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिब्बो ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1933 में अजंता सिनेटोन लिमिटेड के साथ की। उन्होंने एम.डी. भवानी और ए.पी. कपूर जैसे निर्देशकों के साथ काम किया। 1930 के दशक में वह देविका रानी, दुर्गा खोटे और सुलोचना जैसी अभिनेत्रियों के साथ टॉप की लीडिंग लेडी थीं। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि 1939 में आई फिल्म 'गरीब के लाल' के एक गाने में उनका नाम शामिल किया गया, जिसमें लिरिक्स थे- 'तुझे बिब्बो कहूं के सुलोचना।' वह भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं।

**बेहतरीन एक्ट्रेस और शानदार सिंगर :** बिब्बो ने 1931 से 1947 तक भारतीय सिनेमा में कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'मायामच्छिंद्र', 'वासुदेव', और 'सीता' शामिल हैं। वह न सिर्फ एक्टिंग बल्कि गायकी




और म्यूजिक कंपोजिंग में भी माहिर थीं। उनकी मधुर आवाज और अभिनय ने उन्हें उस दौर की सबसे खास कलाकार बनाया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद बिब्बो पाकिस्तान चली गईं। वहां भी उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका भारतीय सिनेमा जैसा जादू दोबारा नहीं चला। फिर भी, वह दोनों देशों के सिनेमा में अपनी छाप छोड़ गईं।

**बिब्बो का योगदान :** बिब्बो अपनी निजी जिंदगी को सुर्खियों से दूर रखती थीं। उनकी सादगी और काम के प्रति समर्पण ने उन्हें हमेशा सम्मान दिलाया। बिब्बो उस समय की उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से थीं, जिन्होंने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उस दौर में एक्टिंग को महिलाओं के लिए अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बिब्बो ने अपने टैलेंट से इस सोच को चुनौती दी।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल से खाली हाथ लौटा भारत, होमबाउंड ने किया निराश

**पेरिस।** फ्रांस में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जो 13 मई से लेकर 24 मई तक चला। इस समारोह में देश-दुनिया के दिग्गज कलाकारों ने भाग लिया और अपना जलवा बिखेरा। इतना ही नहीं, कान्स फिल्म फेस्टिवल में उल्लेखनीय फिल्में और ऐतिहासिक उपलब्धियां भी प्रदर्शित की गईं, जिसमें कई फिल्मों और कलाकारों ने अवॉर्ड जीता। भारतीय निर्देशक नीरज घेवन की 'होमबाउंड' को कान्स में काफी सराहना मिली थी, इस कारण दर्शकों को इससे काफी उम्मीद थी।

***अवॉर्ड के मामले में भारत पीछे :*** कान फिल्म फेस्टिवल में भारत की ओर से नीरज घेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग के दौरान उसे स्टैंडिंग अवेशन मिला था और लगभग नौ मिनट तक लगातार हॉल में तालियां बजी थी। ईशान खट्टर, विशाल जेठिया और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म अवॉर्ड पाने की होड़ में आगे दिख रही थी, लेकिन फिल्म अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में ही पिछड़ गई और इसे खाली हाथ लौटना पड़ा। इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' से भी भारत को उम्मीदें थीं, लेकिन इसे भी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। इस बार पुरस्कार के मामले में भारत कान्स में सबसे पीछे रहा।




| अवॉर्ड का नाम | विजेता का नाम |
|---|---|
| पाम डी'ओर | जाफर पनाही |
| ग्रैंड प्रिक्स | जोआचिम ट्रायर |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | क्लेबर मेंडोंका फिल्हो |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | वैगनर मौरा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | नादिया मेलिटि |
| जूरी पुरस्कार | ओलिवियर लैक्स और माशा शिलिंस्की |
| सर्वश्रेष्ठ पटकथा | जीन-पियरे और ल्यूक डार्डेन |
| कैमरा डी'ओर | हसन हादी |
| अन सर्टेन रिगार्ड | हैरिस डिकिंसन |
| ग्रैंड प्राइज | रत्चापूम बूनबंचचोक |

### इराक ने जीता पहला पुरस्कार

78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इराक के लिए काफी खास रहा, क्योंकि उसने अपना पहला पुरस्कार हासिल किया। हसन हादी को उनकी फिल्म 'प्रेसिडेंट्स केक'को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म के लिए कैमरा डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड की घोषणा होते ही, वहां मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर जश्न मनाया। इसके अलावा ईरान के फिल्म निर्माता जफर पनाही को 'इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट' के लिए पाम डी'ओर पुरस्कार मिला।

## जिंदगी में सब कुछ मिला, पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी होने नहीं दिया

# असल जिंदगी में हीरो थे सुनील दत्त, प्लेन क्रैश में टूटी टांग, पर पहले बचाई दूसरों की जान

*नई दिल्ली। सुनील दत्त वो 'हीरो' थे, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे। वो रियल लाइफ हीरो थे अपनी बीवी नरगिस के लिए, अपने बेटे संजय दत्त के लिए और अपनी जनता के लिए, जिनसे उन्हें बहुत लगाव था। उन्हें जिंदगी में सब कुछ मिला, नाम , पैसा, शोहरत और रुतबा... पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी नहीं होने दिया और सबसे नरम दिल एक्टर कहलाए। मेरे नाम पर कोई मूर्ति या सड़क नहीं होनी चाहिए, मेरे चेहरे वाला कोई डाक टिकट या मेरे नाम पर कोई संगठन नहीं होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे मेरे काम के लिए याद रखें... ये शब्द थे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से सबसे नरम दिल कहे जाने वाले एक्टर सुनील दत्त के। जिन्होंने अपनी जिंदगी परिवार, सिनेमा और आम जनता के नाम कर दी। आप शायद ही जानते होंगे कि एक बार लोगों की जान बचाते-बचाते वो खुद अपनी जान गंवाने वाले थे। आइये आज 'संडे सिनेमा' में उस 'हीरो' के बारे में जानते हैं, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे।*



### 5 साल की उम्र में पिता की मौत, मुस्लिम ने बचाई जान

सुनील दत्त का असली नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। इनका जन्म 6 जून 1929 को खुर्द, पंजाब (अब पाकिस्तान में है) में पंजाबी हिंदू फैमिली में हुआ था। उनकी मां का नाम कुलवंती देवी दत्त था। सुनील जमींदारों के परिवार से थे। उनके एक छोटे भाई सोम दत्त और छोटी बहन राज रानी बाली हैं। सुनील के पिता की मौत तब हुई, जब वो 5 साल के थे। सुनील जब 18 साल के हुए, तब भारत का विभाजन हुआ और पूरे देश में हिंदू-मुस्लिम हिंसा भड़क गई थी। सुनील के पिता के एक मुस्लिम दोस्त याकूब ने उनके पूरे परिवार की जान बचाई थी और और उन्हें भारत भेजने में मदद की थी। परिवार यमुना नदी के तट पर पूर्वी पंजाब (अब हरियाणा में) के यमुनानगर जिले में स्थित छोटे से गांव मंडौली में बस गया।

***पढ़ाई-लिखाई :*** सुनील दत्त कॉलेज जाने से पहले कुछ समय के लिए अपनी मां के साथ लखनऊ के अमीनाबाद बाजार मोहल्ले में रहने लगे। फिर वे बॉम्बे (अब मुंबई) शिफ्ट हो गए। वहां उन्होंने जय हिंद कॉलेज से पढ़ाई की और बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग डिवीजन में नौकरी की। उन्होंने 1954 में इतिहास (ऑनर्स) में आर्ट्स में ग्रेजुएशन किया था।

### 'मदर इंडिया' फिल्म ने बदल दी थी तकदीर

सुनील को बीआर चोपड़ा की 'एक ही रास्ता' (1956) और महबूब खान की 'मदर इंडिया' (1957) से स्टारडम मिला था। 'मदर इंडिया' 50 के दशक की सबसे सफल फिल्म होने के साथ-साथ ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बन गई थी। न्यूकमर होने के बावजूद सुनील ने विलेन के रोल को स्वीकार किया और इस फिल्म ने उन्हें 'बॉलीवुड का पहला खलनायक' बना दिया। इस मूवी को कई यूरोपी भाषाओं में डब किया गया, जैसे- स्पेनिश, फ्रेंच और रूसी। ग्रीस, स्पेन और रूस में फिल्म सक्सेसफुल रही। रिलीज होने के कम से कम 10 साल बाद भी इसे अल्जीरिया जैसे देशों में दिखाया जाता रहा। इसने कई अवॉर्ड अपने नाम किए।

### कर्ज में डूब गए, नहीं किया समझौता



इस तरह से सुनील का एक्टिंग का सफर आगे बढ़ता रहा। 60 के दशक में वो करियर के पीक पर थे। उन्होंने 'पड़ोसन' में कॉमिक रोल करके अपने फैंस को चौंका दिया था। 1969 में राजेश खन्ना के सुपरस्टार बनने के बाद सुनील के करियर का ग्राफ लुढ़कने लगा था। उन्होंने एक्टिंग के अलावा डायरेक्शन में हाथ आजमाया। पर उनकी 'रेशमा और शेरा' बुरी तरह फ्लॉप हुई। तब सुनील 60 लाख रुपये के कर्ज में डूब गए थे। उन्हें अपनी कार बेचनी पड़ी।

### ऐसे इंडस्ट्री में आए थे बलराज दत्त, बन गए सुनील दत्त

*डायरेक्टर रमेश सहगल ने सुनील दत्त को फिल्म इंडस्ट्री में लाने में अहम भूमिका निभाई, जो उस समय रेडियो शो 'लिप्टन की महफिल' होस्ट करते थे। रमेश की सुनील से मुलाकात साल 1953 में हुई थी, जब सुनील 'शिकस्त' फिल्म की रिपोर्टिंग कर रहे थे। सुनील की आवाज और पर्सनैलिटी से प्रभावित होकर रमेश ने उन्हें अपकमिंग प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। दिलचस्प बात ये है कि सुनील ने वो ऑफर ठुकरा दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी मां से वादा किया था कि वो पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, लेकिन फिर उनका मन बदल गया और वे रमेश की फिल्म में एक्टिंग करने चले गए। चूंकि उस समय इंडस्ट्री में बलराज साहनी जाने-माने एक्टर थे, इसलिए रमेश ने उन्हें सुझाव दिया कि उन्हें एक नया स्क्रीन नाम अपनाना चाहिए और फिर उनका नाम 'सुनील दत्त' रखा।*

# एक बार स्थान परिवर्तन होने पर 5 वर्ष तक बदलाव नहीं कर सकेंगे संविदा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविदा आधार पर काम कर रहे कर्मियों के लिए संविदा तबादला नीति जारी किया है। इसके तहत विभिन्न विभाग में पदस्थ संविदा कर्मियों के तबादले हो सकेंगे। अभी तक सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के लिए तबादला नीति जारी किया था।

कर्मचारी संगठन संविदा कर्मियों के लिए भी तबादला नीति जारी करने की मांग कर रहे थे। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों में संविदा कर्मियों को स्थान विशेष पर कार्य विशेष हेतु रखा जाता है। योजना के स्वरुप में परिवर्तन होने पर संविदा पर पदस्थ कर्मियों की सेवाएं किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

## पूर्व संविदा अनुबंध समाप्त किया जाएगा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जारी की संविदा कर्मियों के तबादले की नीति



### स्थान परिवर्तन की सामान्य शर्तें यह रहेगी

स्थान परिवर्तन करने पर पूर्व संविदा अनुबंध समाप्त किया जाएगा। नवीन कार्य स्थल पर नियोक्ता की ओर से नवीन संविदा निष्पादन की कार्रवाई की जाएगी। नवीन अनुबंध निष्पादन की प्रति योजना कार्यक्रम कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। एक बार स्थान परिवर्तन होने पर 5 वर्ष तक स्थान परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया सामान्य प्रधान विभाग की ओर से जारी सामान्य स्थानांतरण नीति अंतर्गत किए जा सकेंगे। शेष अवस्था परिवर्तन प्रतिबंधित रहेगा। स्थान परिवर्तन होने के भीतर संबंधित की कार्यमुक्त किया जाना अनिवार्य होगा। नए स्थान पर एक सप्ताह के भीतर नवीन संविदा अनुबंध के स्थान परिवर्तन के फलस्वरूप नवीन संविदा स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### इस तरह होगा जिले के भीतर स्थानांतरण

एक मई से 30 मई 2025 तक जिले के भीतर स्थान परिवर्तन जिला कलेक्टर की ओर से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन उपरांत किया जा सकेगा। स्थान परिवर्तन आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के हस्ताक्षर से जारी किए जाएंगे। स्थान परिवर्तन, संबंधित पद पर उस जिले में कार्यरत संविदा कर्मियों की कुल संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत संख्या तक की सीमा में किए जा सकेंगे। जबकि एक जिले से अन्य जिले में स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन योजना के राज्य कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित किए जाएंगे।

### कोई नीति नहीं थी

वर्तमान में संविदा कर्मियों की पदस्थापना स्थान को संशोधित करने की कोई नीति नहीं है। केवल अपवादिक परिस्थितियों में विभाग के संविदा कर्मियों के स्थान परिवर्तन के लिए नीति निर्धारित की जाती है। स्थान परिवर्तन' से आशय संविदा का रिक्त पद उपलब्ध होने की दशा में कर्मियों की एक कार्य स्थान से दूसरे कार्य स्थान पर पदस्थ करना है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने वृद्ध को टक्कर मारी, मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सड़क किनारे टहल रहे एक ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, अमन कुमार महंत ने पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसके पिता ग्राम चिखली में स्थित मेहमान ढाबा में काम करते थे और वहीं रहते थे। कल उसे सूचना मिली की सड़क किनारे टहलते समय अज्ञात वाहन के चालक ने उसके पिता को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मन की बात में पीएम ने की विकसित छग की तारीफ

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात की 122वीं कड़ी में देश के सामने अपनी बातों को रखा। मन की बात की ये कड़ी छत्तीसगढ़ के लिए काफी खास रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे मे जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वो खेलों में भी कमाल कर रहे हैं।

### हीरे के बाद मप्र के हाथ लगा सोने का खजाना

# सिंगरौली में सोने के उत्पादन के लिए नीलामी सरकार को 1 लाख करोड़ का मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हीरे के बाद बेशकीमती सोने का प्रचुर भंडार मिलने के बाद मप्र देश का अग्रणी राज्य बन गया है। सिंगरौली में बड़ी मात्रा में मिले सोने की खदान से उत्पादन शुरू करने के लिए खनिज विभाग ने सोने की तीन और डायमंड की दो खदानों की नीलामी की है। यह खदानें गरिमा, प्रोस्पेक्ट और इनवर्ड टैक रिसोर्स जैसी कंपनियों ने ली है। जल्दी ही सोने का उत्पादन मप्र में होने लगेगा।

मप्र देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां सभी तरह के खनिज पदार्थ मिले हैं। अभी तक किसी भी राज्य में इस तरह से खनिज पदार्थ नहीं मिले हैं। अकेले खनिज नीलामी से सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व मिलने के आसार हैं। छतरपुर जिले में बंदर हीरा खदान को बहुराष्ट्रीय कंपनी रियोटोंटो ने लीज पर लिया था। किंतु बेवजह के दबावकी वजह से कंपनी ने अपना काम बंद कर यहां से वापस चली गई। इसके बाद से ही यहां की खदानों का काम लगभग रूका था, अब जाकर इसके लिए भी टेंडर हो गया है। संभावना जताई जाने लगी है कि जल्दी ही उस खदान से उत्पादन शुरू हो जाएगा। दरअसल, पन्ना जिले की ऊथली खदानों में हीरा मिल पा रहा है, लेकिन अब प्रदेश गोल्ड के उत्पादन में भी मप्र रिकार्ड बनाएगा।

**खास बातें**

- हीरे की दो और सोने की तीन खदानें हुई नीलाम
- बाक्साइट और लाइमस्टोन आदि 100 ब्लॉक नीलामी में आवंटित



### मप्र में 100 से अधिक खनिज ब्लॉक की नीलामी हुई

खनिज विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने बताया कि मप्र में एक साथ करीब एक सौ माइंस ब्लॉक नीलाम किए गए है। इतनी बड़ी मात्रा में माइंस ब्लॉक नीलाम करने वाला मप्र देश का पहला राज्य बन गया है। यहां डायमंड, गोल्ड, बाक्साइट, लाइम स्टोन, ग्रेफाइट, आइरन ओर, मेंगनीज, रॉक फास्फेट आदि माइंस की नीलामी की गई है। इससे मप्र को अलग-अलग चरणों में खनिज क्षेत्र में करीब एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व आय होने की संभावना है।

### लाइमस्टोन का ब्लॉक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को देने की तैयारी

*मप्र के धार जिले में लाइमस्टोन का ब्लॉक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को, सतना में दो लाइम स्टोन ब्लॉक डिजियाना इंडस्ट्रीज इंदौर, जबलपुर में स्थित आइरन ओर का ब्लॉक स्वातिक बुल्डमेट इंडिया, बैतूल के टीकारी में ग्रेफाइट का ब्लॉक उर्मिला दिलीप चंदन मुंबई, बंदर डायमंड ब्लॉक छतरपुर ईस्सल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज को देने की तैयारी है। इनमें से कुछ कंपनियां पहले से मप्र में अलग अलग स्थानों पर माइनिंग का काम कर रही है। अभी मामला कुछ उलग हुआ है। पहली बार खनिज विभाग ने राजस्व हासिल करने के लिए अलग तरह की नीति बनाकर उसपर काम शुरू किया है।*

### गुरहर पहाड़ी पर निकली सोने की खदान

मप्र में सबसे पहले सिंगरौली जिले के ग्राम मेडवा में अवस्थित गुरहर पहाड़ी पर सोना मिलने की जानकारी खनिज विभाग को मिली थी। इसके लिए मप्र सरकार ने खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों से भिन्न) रियायत नियम 2016 के नियम 67 के तहत गुरहर पहाड़ी पर निकली सोने की खदान का खनिपट्टा ब्लॉक रकबा 149.30 हेक्टेयर के लिए अधिक बोली लगाने वाली हरियाणा गुरुग्राम की कंपनी मेसर्स कुंदन गोल्ड माइंस प्रायवेट लिमिटेड को दो साल के लिए सर्वेक्षण के लिए आवंटित किया था। अब सरकार ने कटनी जिले के ईमलिया में गोल्ड ब्लॉक का आवंटन प्रोस्पेक्ट रिसोर्स लिमिटेड, चकरिया का गोल्ड ब्लॉक गरिमा नेच्युरल रिसोर्स प्रायवेट लिमिटेड तथा सिंगरौली जिले की गुरहर पहाड़ी पर स्थित गोल्ड ब्लॉक मेसर्स इनवर्ड टेक कंसल्टेंट प्रायवेट लिमिटेड को आवंटित किया है।

### बैतूल जिले की खदानों में ग्रेफाइट मिला

गोथान ग्रेफाइट ब्लॉक बैतूल, धार जिले के कोसडाना में लाइम स्टोन ब्लॉक, डिंडौरी जिले में बागरेली सानी बाक्साइट ब्लॉक यश लॉजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड, सतना में रामस्थान गुंचई लाइम स्टोन अल्ट्रा टेक सीमेंट, कटनी में जामुवानीकाला ब्लॉक, रीवा में टीकार बाक्साइट ब्लॉक, छतरपुर में रॉक फास्फेट का ब्लॉक शोभा मिनरल्स, सतना में ही तंजा बंशीपुर लाइम स्टोन अतरहारा लाइम स्टोन ब्लॉक, निवाड़ी में आइरन और ब्लॉक मेसर्स पेसिफिक आइरन मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड, डिंडौरी जिले के पिपरिया का बाक्साइट ब्लॉक मेसर्स आनंद माइनिंग कार्पोरेशन का नीलामी में अधिक बोली लगाने की वजह से आवंटित किया जाएगा।

### देश को वर्ष 2047 तक विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प

# भारत की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश देगा 2 ट्रिलियन डॉलर का योगदान

**नीति आयोग की बैठक में राज्यों ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई



नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने प्रधानमंत्री मोदी का सेना की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए सफल अभियान ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार माना और बधाई दीं। उन्होंने बताया कि देश की सशस्त्र सेना ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से त्वरित गति से दुश्मन को घर में घुसकर मारने का बहुत बड़ा पराक्रम प्राप्त किया है।

### लक्ष्य और समयबद्ध योजनाएं बनाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ग्यारहवें नंबर की अर्थव्यवस्था से आज चौथे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2047 तक यह शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मप्र 2 ट्रिलियन डॉलर का योगदान देगा। विकसित भारत और समृद्ध मप्र बनाने के उद्देश्य से युवा, किसान, गरीब और महिला कल्याण से संबंधित विभागवार लक्ष्य और समयबद्ध योजना बनाई है।*

### स्वस्थ वातावरण में अपने रोडमैप बनाने को कहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि बैठक में भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सुखद और स्वस्थ वातावरण में अपने रोडमैप, शिक्षा, चिकित्सा, इत्यादि सेक्टरों की योजनाओं तथा नवाचारों का प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में राज्यों आर केंद्र शासित प्रदेशों का अब तक का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व रहा, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और नीति आयोग बधाई के पात्र हैं।

### सीएम ने बस्तर ओलंपिक पर दिया प्रजेंटेशन, मौजूद सभी का ध्यान किया आकर्षित

# मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छग ने बनाई विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिल्ली स्थित अशोक होटल में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी व संवेदनशीलता से लागू करना है। बैठक में केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष चर्चा हुई।




### केन्द्र की योजनाएं पहुंचाई जन-जन तकः सीएम साय

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में ग्रामसभा, जनसंवाद और तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया गया है। बैठक का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम पर विशेष प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खेलोगे इंडिया, जीतोगे इंडिया मंत्र को उद्धृत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने इसे धरातल पर साकार किया है। बस्तर ओलंपिक अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बन चुका है - जिसने युवाओं के हाथों से बंदूकें छीनकर गेंद, भाला और तीर थमा दिए हैं।

### बड़ी संख्या में खेलों में प्रतिभागियों ने लिया भाग

*मुख्यमंत्री ने बताया इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों से 1.65 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन चरणों - विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता 11 पारंपरिक खेलों जैसे तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी आदि पर केंद्रित थी। चार श्रेणियों - जूनियर, सीनियर, महिला और दिव्यांग -में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्यमंत्री साय ने दोरनापाल के पुनेन सन्ना का उदाहरण साझा किया, जो कभी नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र से थे, पर आज व्हीलचेयर दौड़ में पदक जीतकर पूरे समाज के लिए प्रेरणास्तंभ बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा करते हुए कहा था कि यह आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा का उत्सव है।*

### महासमुंद में एनएच-53 में कोडार के पास की घटना

# सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन गंभीर

**सभी मृतक एक ही परिवार से, घायलों में छह साल का मासूम भी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



**सड़क किनारे खड़ी हाईवा में कार ने पीछे से मारी टक्कर**

एनएच -53 में कोडार के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी हाईवा में कार ने पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को तुमगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक छह साल का मासूम भी शामिल है। हादसे में मृतकों का नाम ड्राइवर ईश्वर ध्रुव (34), अवध किशोर पांडेय (69) और चित्रलेखा पाण्डेय (65) हैं। घायल चंदन अभिषेक, बेटा ध्रुव अभिषेक और पत्नी खुशबू का इलाज जारी है। झारखण्ड से रायपुर आते समय कोडार के पास हादसा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक कांकेर में एसबीआई ब्रांच में चंदन अभिषेक मैनेजर है। सभी मरने वाले एक ही परिवार के हैं।

### जनजातीय विभाग की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने प्रमाण-पत्र किया मान्य

**हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी**

# आरख की पहली जांच में एसटी का प्रमाण-पत्र अवैध जबकि दूसरी जांच में हो गया वैध, मामला पेंचीदा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रभारी चीफ इंजीनियर बीके आरख के अनुसूचित जनजाति (एसटी) के प्रमाणपत्र का मामला अब पेंचीदा फंस गया है। 2008 से चल रही जांच में पहली बार उनके प्रमाणपत्रों की विस्तृत जांच हुई तो उसमें पूरा प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया था। उस वक्त तत्कालीन प्रमुख सचिव के हस्ताक्षर नहीं करने की वजह से आदेश जारी नहीं हो पाया था।

अब फिर से हुई जांच में वही सब प्रमाणपत्र वैध हो गए। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रमाणपत्र मान्य करने का आदेश भी जारी कर दिया। दरअसल, आरख का मामला पिछले 17 सालों से चल रहा था। अब क्लीनचिट मिलने के बाद एक बार फिर से यह मामला उठ खड़ा हुआ है। इस आदेश को चुनौती दिए जाने की जानकारी आ रही है। चूंकि पिछले सात-आठ साल पहले जनजातीय विभाग की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने अपनी जांच में प्रमाणपत्र फर्जी बताया था। उस वक्त तत्कालीन प्रमुख सचिव ने उच्च स्तरीय बैठक में सभी सदस्यों के हस्ताक्षर होने के बावजूद प्रोसिडिंग पर हस्ताक्षर नहीं किया था। इसके बाद हाईकोर्ट से स्टे होने पर मामला पेंडिंग हो गया। अब दूसरी जांच में वह वैध हो गया। इसके बाद पूरा मामला विवादों में आ गया है। अभी उन्हें मुख्य अभियंता ग्वालियर के पद पर पदस्थ किया गया।

### इस आवेदन पर हुई थी जांच

*बताते हैं कि आरख की जाति को संदेहास्पद बताते हुए चिमन लाल मरकाम ने 5 अप्रैल 2008 को अनुसूचित जनजाति विभाग समेत मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री व अन्य अधिकारियों को शिकायत की थी। उस समय से यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है। एक बड़ा तथ्य यह भी है कि पीडब्ल्यूडी में करीब एक दर्जन से अधिक इंजिनियरों के जाति प्रमाणपत्र फर्जी होने की जांच आदिम जाति कल्याण विभाग (अब जनजातीय विभाग) की छानबीन समिति कर रही थी।*

### पुलिस अधीक्षक ने जाति को लेकर संदेह जताया था

*बताते हैं कि आरख के मामले में जहां से जाति प्रमाणपत्र बना था, उस समय के पुलिस अधीक्षक ने आरख जाति को लेकर संदेह जताया था। बाद में कई स्तर पर इसकी जांच में भी यह बात सामने आई कि आरख का जाति प्रमाणपत्र संदेहास्पद है। इसके बाद हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया था। हाईकोर्ट की डबल बैंच ने इस बारे में 9 जनवरी 2025 को स्थगन समाप्त कर दिया। इसके बाद राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के योगिता सोमावत के प्रकरण में पारित आदेश और पूर्व में प्राप्त विजिलेंस रिपोर्ट के आधार पर आरख के प्रकरण का निराकरण करने को कहा था।*

### हाईकोर्ट का अहम फैसला

### कविता रैकवार की पार्षदी निरस्त करने का आदेश रद्द

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर संभागीय कमिश्नर के फैसले को रद्द करते हुए भाजपा की महिला पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी को बहाल करने के आदेश दिए है। जस्टिस मनिंदर सिंह बट्टी की सिंगल बेंच ने यह आदेश दिए। पार्षद कविता रैकवार की ओर से याचिका दायर की गई। अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने कोर्ट को बताया संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने 29 अप्रैल को भाजपा की महिला पार्षद कविता रैकवार की पार्षदी सिर्फ इस आधार पर रद्द कर दी थी कि उनका जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। संभागीय कमिश्नर ने यह आदेश भोपाल की उच्च स्तरीय जांच कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर सुनाया था। जबकि 29 अप्रैल को संभागीय कमिश्नर के आदेश के पहले 28 अप्रैल को हाईकोर्ट भोपाल की हाई पावर कमेटी की उच्च स्तरीय जांच को खारिज कर चुका था। जस्टिस विशाल धगट की बेंच ने अपने आदेश में कहा था कि इस तरह से किसी के आरोप मात्र लगा देने से किसी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी नहीं हो जाता। कोर्ट ने कहा था कि आप इस मामले में पहले जांच करें। जांच में जो बिंदु सामने आते है उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाए। 28 तारीख को हाई कोर्ट का फैसला आया और संभागीय कमिश्नर ने उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कविता रैकवार की पार्षदी रद्द कर दी।

### कोरबा के पताढ़ी गांव की घटना

# पावर प्लांट में हादसा, एक मजदूर की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पताढ़ी गांव में स्थित पावर प्लांट में हादसा हुआ है। यहां पाइपलाइन की वेल्डिंग करते समय एक एक मजदूर सतीश शांडिल्य (30) की मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। सुरक्षा और प्रशासन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि प्लांट में सुरक्षा की कमी है और मजदूरों को बिना सेफ्टी गियर और प्रशिक्षण के काम पर लगाया जाता है।

मजदूरों का आरोप है कि प्लांट में सुरक्षा की कमी है बिना सेफ्टी गियर और प्रशिक्षण के काम कराया जा रहा है। मुनाफे की होड़ में मजदूरों की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों और साथी मजदूरों के



बयान दर्ज किए हैं। मृतक सतीश कुमार के बड़े भाई पूनी राम ने बताया कि वह मूलतः कापन के रहने वाले हैं। वह पिछले 6 माह से काम करते आ रहा था। उसे फोन पर उसके दोस्तों ने बताया कि सतीश दब गया उसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं। जहा आकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। सतीश वेल्डिंग का काम करता था और प्लांट में पाइपलाइन की वेल्डिंग कर रहा था। इस दौरान मिट्टी घसने से वो दब गया और उसकी मौत हो गई।

## चिंतन

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए गर्व

जिसका इंतजार था, वो खबर आ ही गई। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी भारत से आगे हैं। अगर हम वर्तमान वृद्धि दर बनाए रखने में कामयाब रहते हैं तो 2028 तक भारत जर्मनी की 4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की जीडीपी 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.58 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद केवल अमेरिका 30.57 ट्रिलियन डॉलर और चीन 19.231 ट्रिलियन डॉलर ही भारत से आगे रहेंगे। नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर सुब्रह्मण्यम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसकी विकास दर और आम आदमी के जेब का हिसाब-किताब बताती है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो जापान की अनुमानित जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। भारत की यह उपलब्धि मजबूत घरेलू मांग, अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और नीतिगत सुधारों के कारण है। भारत की अर्थव्यवस्था 6-7 प्रतिशत की एनुअल ग्रोथ रेट बनाए हुए है। दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इससे न केवल देश में रोजगार के संसाधानों में इजाफा होगा बल्कि भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। यूएन की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत दुनियाभर में सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल न केवल चीन बल्कि अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ देगी। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.6, अमेरिका की 1.6, जापान की 0.7 और यूरोप की 1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। असल में भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने खास असर दिखाया है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने निवेश को आकर्षित किया और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। युवा आबादी और तकनीकी प्रगति ने वैश्विक मंच पर देश की स्थिति को मज़बूत किया है। यह बात सही है कि हम विकास की लंबी छलांग लगे रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो सोचने पर मजबूर करता है। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर रहा, जो दिखाता है कि देश में कुपोषण और भूख अभी भी गंभीर समस्याएं हैं। आय असमानता और बेरोजगारी की दर भी चिंता का विषय बनी हुई है। ऑक्सफैम की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 फीसदी सबसे अमीर लोग देश की 50 प्रतिशत से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। यह आंकड़ा असमानता की गहरी खाई को दिखाता है। अगर इन तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विकास की इस रफ्तार का अंतिम छोर पर खड़े आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा।



विजन
चेतस सुखाड़िया

# विद्यार्थी परिषद में व्यक्तित्व का निर्माण

विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास। कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम, बैठक, अभ्यास मंडल, अभ्यास वर्ग, अधिवेशन यह सब उपक्रम से एक दिशा में चलने वाले कार्यकर्ताओं की श्रृंखला खड़ी होती है जिसके आधार पर लाखों छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ते हैं। ऐसे ही विद्यार्थी परिषद एक कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास।

कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। अपने प्रमुख कार्यकर्ता को किसी एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप दंगा, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट या अन्य कोई शारीरिक काम मुझे बताइए परंतु यह कंधे के ऊपर के हिस्से का काम मत बताइये, बहुत तकलीफ होती है। मन में बड़ी अस्वस्थता होती है। प्रमुख कार्यकर्ता ने उस कार्यकर्ता से कहा कि देखो भाई, हमारा काम ही युवा विद्यार्थियों को सामाजिक स्थिति के बारे में अस्वस्थ करने का है, समाज की विषम परिस्थितियों के बारे में उसके मन में पीड़ा उत्पन्न करने का है। सामाजिक वेदना से जोड़ने का है। समाज की परिस्थितियों के बारे में उनके मन में पीड़ा होगी, तभी आगे चलकर सामाजिक उत्थान के किसी ना किसी काम में अपने आप को लगाएगा। आचार्य चाणक्य कहते थे कि जब हम अपने स्वयं की पीड़ा सहते हैं तो हमारा बल बढ़ता है और जब किसी और की पीड़ा सहते हैं तो हमारा आत्मबल बढ़ता है। विद्यार्थी परिषद का कार्य यही है। एक छात्रा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए किसी ने उसको पूछा कि विद्यार्थी परिषद में काम करने से तुम्हें क्या मिला तो उसने कहा पहले भिखारी सामने आता था तो थोड़ा असहज होती थी, घृणा होती थी लेकिन आज मन में प्रश्न उठता है कि इसकी स्थिति ऐसी क्यों है? पहले गंदा बच्चा देखती थी तो मुझे मन में तिरस्कार उत्पन्न होता था। आज उस बच्चे को गोद में उठा सकती हूं, उठाती भी हूं। यह परिवर्तन विद्यार्थी परिषद के कारण हुआ। पिछले दिनों हमने अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक अनुभूति नाम का कार्यक्रम पूरे देशभर में किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थी परिषद के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में जाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्या, उनके प्रश्नों, उनके जीवन को समझने का प्रयास किया और साथ ही भारत के जनजीवन को एक सामान्य व्यक्ति के रूप में अनुभव करने का भी प्रयास किया। सबसे बड़ी बात है कि जिस सामाजिक संवेदना की अनुभूति हम हमारे कार्यकर्ताओं को कराना चाहते थे उसमें हम कई हद तक सफल हुए। समाज के प्रति उनके मन में एक संवेदना के भाव के साथ, वास्तव में ऐसे समाज जो पीड़ित, पतित, शोषित व वंचित है और पिछड़े वर्गों के साथ हमारे समाज के जनजाति बंधुओं के साथ स्वाभाविक ही मिलना हुआ, परिचय हुआ।

एक गांव में अपने कार्यकर्ता की एक वृद्ध महिला से मिले दो बेटे में से एक बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। दूसरे बेटे की शादी हो गयी थी, वह अलग रहता था। आज वह महिला लोगों के कपड़े प्रेस करके अपना गुजारा




चला रही है। बड़े बेटे की विधवा पत्नी बीमा योजना की और विधवा पेंशन के सारे पैसे लेकर घर छोड़कर चली गई थी। उसी बूढ़ी मां ने सर्वे में गए कार्यकर्ताओं को पूछा कि आप इतनी धूप में आए हैं, आप लोगों ने कुछ खाना खाया है या नहीं? अपने कार्यकर्ताओं को उन्होंने खाना खिलाया, जब उनके घर की स्थिति व गरीबी देखकर एक रोटी खाकर वह कार्यकर्ता खड़े हो रहे थे तो बूढ़ी मां ने जबरदस्ती उनको बिठाकर ठीक से भोजन करवाया और कहा कि आप आराम से भोजन करो, मैं किसी आशा अपेक्षा से आपको यह भोजन नहीं करवा रही हूँ। ऐसे ही सामाजिक अनुभूति के दौरान एक और अनुभव - एक गांव में अपने ही बेटे ने अपनी बूढ़ी मां को घर के बाहर निकाल दिया था। आज भी वह बूढ़ी मां गांव के चौराहे के पास एक टूटी -फूटी झोपड़ी में रहती है और भीख मांग कर अपना जीवन यापन करती है। ग्रामीण सर्वे के दौरान अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता उनको मिलने के लिए गई तब अपनी आपबीती सुनाते हुए वह वृद्ध मां कई समय तक रोती रही, अपने पास पर्स में रखे हुए कुछ पैसे लेने के लिए जब अपनी छात्रा कार्यकर्ता ने उन्हें आग्रह किया तो बड़े ही आग्रह के बाद उन्होंने उसे स्वीकृत किया। छात्रा कार्यकर्ताओं को अपने मन से भरपूर आशीर्वाद दिया और कहां कि तुम मेरी इस छोटी सी टूटी-फूटी कुटिया में आई तेरा और मेरा कोई भी संबंध नहीं है, न कोई परिचय है, न खून का कोई रिश्ता है फिर भी मेरी वेदना को आपने समझा। अनुभूति के दौरान ऐसे ही कई अनुभवों के कारण अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता जिसकी पॉकेट मनी करीबन 4000 रुपये मासिक थी और मां को समझा-बुझाकर जो मिल जाते थे वह अलग। ऐसी छात्रा ने जब सामाजिक अनुभूति में गांव की व्यवस्था देखी, गांव की शिक्षा देखी, गांव के बच्चे देखे, गांव में चल रही नशावृत्ति देखी तो व्यथित हो गई। मेरे देश में, मेरे शहर के नजदीक के किसी एक गांव में ऐसी स्थिति है तो दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या होगी? उसी समय मन ही मन उस छात्रा ने संकल्प लिया कि अपनी पॉकेट मनी से कम से कम 50 प्रतिशत इन गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों के बीच में कार्य करने के लिए, उनके उत्थान के लिए, उनके विकास के लिए खर्च करूंगी और आज वह कार्यकर्ता उस दिशा में कार्यरत भी है। विद्यार्थी परिषद का कार्य ही विजन देने का है। विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के विजन को व्यापक बनाने का है। मित्रों, विद्यार्थी परिषद में हमें सामूहिक रूप से और व्यक्तिगत रूप से विजन तो मिलता ही है और वही विजन हमारे अंदर संक्रमित होते हुए हमारा मिशन बनता है, जिसके आधार पर हमारा वर्तन और व्यवहार और एक्शन बनता है। वास्तव में हमारे विजन को संतुलित करने का प्रयास विद्यार्थी परिषद में होता है। ऐसा हम सभी अनुभव करते होंगे। महिला विषयक दृष्टिकोण आज भी सहज रूप से समानता का नहीं है। 1990 के दशक में देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन से माहौल बिगड़ रहा था। परिषद ने सामंजस्य बनाने का आह्वान किया। उस समय प्रमुख नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन काफी प्रयास के बाद बढ़ नहीं पाया। विद्यार्थी परिषद में हमने छात्र-छात्रा कार्यकर्ता को समान समझा। एक अधिवेशन में एक महिला पत्रकार ने कहा कि छात्र संगठनों में छात्राओं का सबसे ज्यादा सहभाग विद्यार्थी परिषद में ही है, हमारा महिला विषयक दृष्टिकोण यह सम्यक है। परिषद में हर स्तर पर छात्राओं को बड़ी संख्या में तथा महत्वपूर्ण दायित्वों पर सहभागी करते हुए सामाजिक जीवन मे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ अपनी सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार ऐसे विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

(लेखक अभाविप मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वट सावित्री व्रत विशेष
श्वेता गोयल



# वट की छांव में सौभाग्य और समृद्धि का संकल्प

वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का 26 मई को एक दुर्लभ और अत्यंत पुण्यदायक संयोग बन रहा है। यह योग वर्षों में कभी-कभी बनता है और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो इसे 'सोमवती अमावस्या' कहा जाता है और ऐसे अवसर को विशेष फलदायी तथा मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है। इस दिन का व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल जीवन में सौभाग्य, संतान सुख और समृद्धि लाते हैं बल्कि यह पारिवारिक कल्याण के लिए भी अत्यंत प्रभावशाली होता है। वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का संयोग एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है, जिसे श्रद्धा और विधिपूर्वक मनाने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए व्रत, पूजा और उपाय अनेक बाधाओं का निवारण करते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भारतीय संस्कृति में वट सावित्री व्रत का अत्यंत पावन महत्व है। यह व्रत विवाहित स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की स्थिरता के लिए किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में इसका उल्लेख विशेष रूप से किया गया है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग में माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। यह व्रत नारी शक्ति, संकल्प और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। वट वृक्ष, जिसे 'अक्षयवट' भी कहा जाता है, उस अद्भुत स्थल का प्रतीक बन गया है, जहां यह चमत्कारी घटना घटित हुई थी। अतः इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। व्रत के दिन महिलाएं प्रातःकाल स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करती हैं और निर्जल या फलाहार व्रत का संकल्प लेती हैं। वट वृक्ष के नीचे जाकर उसकी पूजा करती हैं, जल अर्पित करती हैं, रोली, चंदन, चावल से तिलक करती हैं और वृक्ष की जड़ों में कच्चा सूत लपेटकर सात बार परिक्रमा करती हैं। यह परिक्रमा हमेशा दक्षिणावर्त दिशा में की जाती है क्योंकि वामावर्त परिक्रमा को अशुभ माना गया है। परिक्रमा करते समय महिलाएं वट सावित्री कथा का श्रवण करती हैं, जिसमें माता सावित्री की तपस्या, उनकी निष्ठा, धैर्य और पतिव्रता धर्म का वर्णन होता है। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नारी संकल्प शक्ति से किसी भी संकट को पार कर सकती है। इस व्रत के दौरान सोलह श्रृंगार करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। यह श्रृंगार न केवल बाह्य सौंदर्य का प्रतीक होता है बल्कि सौभाग्य और मनोकामना पूर्ति का सूचक भी है। महिलाएं सिंदूर, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, आलता आदि से स्वयं को सजाती हैं और पति के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्रृंगार की यह परंपरा इस व्रत को और अधिक आकर्षक बनाती है तथा महिलाओं के मन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करती है और यह दिन नारी सशक्तिकरण एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन और सौहार्द का प्रतीक बन जाता है। इस बार की विशेषता यह है कि वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या के दिन पड़ रहा है। सोमवती अमावस्या का योग जब वट सावित्री व्रत के साथ आता है तो इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत करने से पितृ दोष समाप्त होता है, पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और घर में सुख-शांति का वास होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी को पीले रंग की 11 कौड़ियां अर्पित करनी चाहिएं। यदि पीली कौड़ियां न मिलें तो सफेद कौड़ियां हल्दी से रंगकर अर्पित की जा सकती हैं। इस उपाय से धन संबंधित समस्याओं का समाधान होता है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी प्रकार यदि वैवाहिक जीवन में तनाव है या पति-पत्नी के बीच मनमुटाव बना रहता है तो इस दिन वट वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर माता लक्ष्मी की पूजा करें, प्रणम्य मंत्रों का जाप करें और पांच-पांच मीठे नींबू वट वृक्ष को अर्पित करते हुए 11 बार परिक्रमा करें। इस उपाय से वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ता है और पारिवारिक तनाव दूर होता है। यह व्रत नारी सशक्तिकरण और पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जिस प्रकार सावित्री ने अपने पति के लिए मृत्यु के देवता यमराज से संघर्ष करके उन्हें पुनर्जीवन दिलाया, उसी प्रकार आज की नारी भी अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहती है। यह व्रत स्त्रियों को यह प्रेरणा देता है कि श्रद्धा, संकल्प और निष्ठा से किसी भी कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है। यह दिन महिलाओं को उनकी शक्ति, करुणा और श्रद्धा का पुनः स्मरण कराता है, जिससे वे अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ सकें।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ज्ञान का अभिषेक



संकलित
## दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।


# समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नशा बनाता है हैवान**

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *– विनय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### विकास की गति पर जोर



मैंने विकास की हमारी गति को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और यह तय किया कि डबल इंजन वाली सरकार का लाभ लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने के बारे में बात की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारतीयों की ताकत



भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने सही कहा है, यह ऐतिहासिक उपलब्धि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, लचीलापन और एकता का प्रमाण है।
-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### शहद उत्पादन में वृद्धि



आज से 10-11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन एक साल में करीब 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन हो गया है। यानि शहद उत्पादन में 60% की वृद्धि हुई है।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### पुंछ में सब एक समान



पुंछ में पाकिस्तानी हमलों से प्रभावित मंदिर, गुरुद्वारा और मदरसे में गया। यहां हर धर्म के लोग साथ रहते हैं, साथ दुख सहते हैं। हमें बांटने और तोड़ने की कोशिश करने वाले कभी सफल नहीं होंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# अमरीका के साथ परमाणु समझौता नहीं करेगा ईरान

ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमरीकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि वह



चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा कि यदि वह चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल कियाजा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

## ऑफ बीट

# ऐसा जीवाणु जो अस्पताल के प्लास्टिक पर रहता है निर्भर

हाल के वर्षों में सूक्ष्मजीव विज्ञानियों ने विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम एक ऐसे जीवाणु की खोज की है, जो भविष्य में प्लास्टिक के निपटान के



लिए अधिक टिकाऊ मार्ग की ओर संकेत करता है। ये 'प्लास्टिक खाने वाले' सूक्ष्मजीव एक दिन लैंडफिल और महासागरों में जमा कचरे के पहाड़ों को कम करने में मदद कर सकते हैं। गलत वातावरण में, वे गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अस्पतालों में टांके (खास तौर पर घुलने वाले टांके), घाव की ड्रेसिंग और प्रतिरोपण जैसी चीजों में प्लास्टिक का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। तो क्या अस्पतालों में पाए जाने वाले जीवाणु प्लास्टिक को तोड़कर खा सकते हैं? हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि अस्पतालों में पाए जाने वाले कुछ जीवाणु जैसे कि स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, प्लास्टिक को विघटित करने में सक्षम हो सकते हैं। पी एरुगिनोसा जीवाणु के कारण हर साल दुनिया भर में लगभग 5,59,000 लोगों की मौत होती है और इनमें अधिकतर संक्रमण अस्पतालों में फैलता है। वेंटिलेटर पर रहने वाले अथवा सर्जरी या जलने से खुले घाव वाले मरीजों को पी एरुगिनोसा संक्रमण का विशेष खतरा होता है। साथ ही, कैथेटर वाले मरीजों को भी पी एरुगिनोसा संक्रमण का खतरा होता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने किया संबोधित

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को किया बेदम, दुनिया ने देखा भारत का दम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। आतंककवाद के खिलाफ भारत की सोच को बताया*

**कार्यक्रम के122वें एपिसोड में कई मुद्दों को किया उद्धृत, बढ़ते भारत की तस्वीर सामने रखी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।

### हर किसी का पसीना इस विजय में रहा शामिल

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।



### सेनाओं के पराक्रम ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।


### कई शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन किया।

**'ऑपरेशन सिंदूर' ने पूरे देश को प्रभावित किया**

पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है।

### जीवन जोशी को बताया जीती-जागती प्रेरणा



उन्होंने कहा कि जीवन जोशी, उम्र 65 जीती-जागती प्रेरणा भी हैं। अब सोचिए, जिनके नाम में ही जीवन हो, वो कितनी जीवंतता से भरे होंगे। जीवन जी उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं। बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन उनके हौसलों बुलंद हैं। चीड़ के पेड़ों की सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं।

**कागज के कचरे से आज स्टार्टअप चल रहे**

उन्होंने कहा कि हमारे घरों और दफ्तरों में हर दिन बहुत सारा कागज का कचरा निकलता है। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि भारत के कई स्टार्टअप इस सेक्टर में शानदार काम कर रहे हैं।

### कुछ स्कूलों में 'शुगर बोर्ड' भी लगाया जा रहा



पीएम ने कहा कि आपने स्कूलों में ब्लैकबोर्ड तो देखा होगा, लेकिन अब कुछ स्कूलों में 'शुगर बोर्ड' भी लगाया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### हिमाचल में 1 जून से प्लास्टिक पूरी तरह बैन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 1 जून से सभी तरह के प्लास्टिक पर पाबंदी लग जाएगी। दुकानदार और



व्यावसायिक प्रतिष्ठान में इनका प्रयोग नहीं कर सकेंगे। ये बैग नाइलोन या अन्य प्लास्टिक पदार्थ जैसे पॉली-विनायल-कार्बोहाइड्रेटस पॉलीप्रापाइलीन और पॉली-स्टाइरीन से तैयार होते हैं। प्रदेश के वातावरण में इनके नष्ट नहीं होने के कारण इन परबैन लगाया जा रहा है।

### केंद्र की गेहूं खरीद 29.7 मिलियन टन के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अप्रैल से जून तक चलने वाले 2025-26 रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक



29.7 मिलियन टनसे अधिक गेहूं की खरीद की है। आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 सीजन के बाद से यह सबसे अधिक खरीद है। इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13.5 प्रतिशत अधिक है। राज्यों में खरीद पूरी होने के करीब है।

### ओडिशा के कुलडीहा में 5 शिकारी गिरफ्तार

**बालासोर।** ओडिशा के कुलडीहा क्षेत्र के एक जंगल से पांच शिकारियों को एक देशी बंदूक,



धनुष और तीर के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को जब शिकारी कथित तौर पर जंगल के अंदर लगाए गए एक ट्रैप कैमरे को चुराने की कोशिश कर रहे थे और उनकी तस्वीरें अन्य कैमरे में कैद हो गईं। ट्रैप कैमरे वन्यजीवों की तस्वीरों को कैद करने के लिए लगाए जाते हैं।

### अमृतसर में अकाली नेता की गोली मारकर हत्या

अमृतसर। जंडियाला नगर काउंसिल के अकाली पार्षद हरजिंदर सिंह की रविवार को



दिनदहाड़े गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वारदात में हरजिंदर सिंह को 3गोलियां लगी हैं। मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज के दौरान अकाली नेता की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### एएसआई, एसजेटीए करेंगे पुरी मंदिर को संरक्षित

**भुवनेश्वर।** पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) और भारतीय पुरातत्व



सर्वेक्षण ने 12वीं शताब्दी के मंदिर की स्थापत्य विरासत व संरचनात्मक अखंडता को संरक्षित करने सहयोगात्मक पहल की है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी और एएसआई के महानिदेशक यदुवेंद्र सिंह रावत ने संरक्षण प्रयासों पर चर्चा की।

---

## उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदला

# मानसून के आते ही केरल में तूफानी बारिश दिल्ली-उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर भारत सहित पूरे देश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में शनिवार देर रात मूसलाधार बारिश हुई। बारिश की वजह से कई शहरों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार 24 मई को ही मानसून ने राज्य में दस्तक दे दी। मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल के कन्नूर और कासरगोड में रेड अलर्ट और अन्य राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। जिन शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, वहां भारी बारिश, आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण कोंकण तट के पास अरब सागर में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार सुबह 5:30 बजे एक डिप्रेशन में तब्दील हो गया।

**केरल में कई शहरों में चेतावनी**

मौसम विभाग ने रविवार को कासरगोड, कन्नूर समेत केरल के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड सहित अन्य जिले अगले 3 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट पर हैं।

**आईएमडी ने कन्नूर,कासरगोड में रेड तो अन्य राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया**



मूसलाधार बारिश से जनजीवन हो गया अस्त-व्यस्त

### रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी होगी भारी बारिश

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा और कोल्हापुर भी रेड अलर्ट पर हैं। आईएमडी की वैज्ञानिक शुभांगी ए. भूटे ने कहा कि अवसादन के कारण महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। खराब मौसम के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है।

### कर्नाटक में गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि 24 से 27 मई तक तटीय और दक्षिणी कर्नाटक में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी तथा राज्य के उत्तरी भाग में भी तेज बारिश होगी।

### दक्षिणी राज्यों में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना

आईएमडी के अनुसार अन्य दक्षिणी राज्यों में 26 मई को तमिलनाडु , पुडुचेरी और कराईकल में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 मई तक बारिश होने की संभावना है। असम और मेघालय में 29 और 30 मई को बहुत भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, बिहार , छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की उम्मीद है । 25 और 26 मई को बिहार में 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### समय से 12 दिन पहले महाराष्ट्र पहुंचा मानसून, 3 दिन में पहुंचेगा मुंबई

अब मानसून दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र पहुंच गया है। 3 दिनों में मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। यह 7 जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है। आईएमडी ने कहा, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं।



**कर्नाटक, गोवा,मणिपुर में दस्तक**

भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि मानसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नगालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया। यहा बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा को प्रभावित करेगा।

### नवांशहर में आंधी तूफान से सब कुछ उथल पुथल, 200 गांवों में 14 घंटे गुल रही बिजली

काठगढ़। नवांशहर में शनिवार शाम तेज आंधी जोरदार तूफान में बदली, जिसने सब कुछ उथल-पुथल कर दिया और शाम को साढ़े सात बजे के करीब चारों तरफ तूफान के आवाजें आने लगी। लोगों में भी भगदड़ सी मच गई और बिजली को भी बंद कर दिया गया।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कैनोपी गिरी




**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर भारी बारिश के कारण फोरकोर्ट एरिया की छत का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर शेड क्षतिग्रस्त होने से यात्रियों को परेशानी हो सकती है। लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

---

## आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत बोले

# हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली बनेगा भारत



अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए। सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है।

अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह बात करीब दो महीने पहले बेंगलुरु में हुई संघ की शीर्ष बैठक (अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा) के बाद ली गई थी। भागवत ने कहा कि हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते। उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा कि हम प्रार्थना करते हैं 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।

### ताकत के साथ धर्म भी जरूरी

उन्होंने साफ किया कि ताकत अकेले काम नहीं आएगी, बल्कि उसे धर्म और सदाचार के साथ जोड़ना होगा। सिर्फ बल हो और कोई दिशा न हो, तो वह हिंसक बन जाता है। इसलिए बल और धर्म दोनों साथ-साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई विकल्प न हो, तो दुष्ट शक्तियों का खात्मा बलपूर्वक करना ही पड़ता है। हम ये ताकत दुनिया पर राज करने के लिए नहीं चाहते, बल्कि इसलिए कि हर कोई शांति, स्वास्थ्य और सम्मान से जी सके।

### बांग्लादेश के हिंदुओं का उदाहरण दिया

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए काम किया जाएगा। बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया।

### 'धर्म' का मतलब किसी मजहब से नहीं

भागवत ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में संगठन का संकल्प है पूरे हिंदू समाज को एक करना और भारत को विश्वगुरु बनाना। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वह अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में धार्मिक मूल्यों को अपनाए, जो हिंदुत्व से जुड़े हों। अब दुनिया को धार्मिक क्रांति की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यहां 'धर्म' से मतलब किसी मजहब से नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, पवित्रता, करुणा और तपस्या के आधार पर पुनर्गठित करने से है।

---

## पंजाब समेत 4 राज्यों में उपचुनाव

# पांच सीटों के लिए 19 जून को होगी वोटिंग, 23 को नतीजे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। मतदान की तारीख 19 जून है। नतीजे 23 जून को आएंगे। निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमेंकादी और विसावदर शामिल हैं। केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और कालीगंज हैं।





### नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून

चुनाव आयोग के अनुसार जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

## बस से 'मणिपुर' शब्द हटाने का विरोध

# राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे लोग पुलिस से भिड़े

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।



### सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े

राजभवन से लगभग 150 मीटर पहले कंगला गेट पर सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया कि इस झड़प में घायल हुए 5 प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शाहजहांपुरअस्पताल में गैस रिसी, मरीजों में मची अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ओटी में उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। इस दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी।

---

## पीएम ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का दिया परिचय

# जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की वास्तविकता का होगा सटीक आकलन: सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में ऑपरेशन



सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया।

सीएम सैनी ने कहा कि यह कदम वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा, जिससे उनकी शिक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के लिए लक्षित नीतियां बन सकेंगी। आपका यह प्रयास समाज के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन होगा, जिससे योजनाएं और अधिक प्रभावी होंगी। यह सरकार के विजन का हिस्सा है, जो हर भारतीय को समान अवसर और सम्मान प्रदान करने पर केंद्रित है। सरकार के इस कदम से समाज के सबसे कमजोर तबके का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, जो जन-केंद्रित शासन का एक और उदाहरण है।

### सभी का सम्मान करेगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार कर अपनी उदारता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। यह कदम सिद्ध करता है कि सरकार सभी के विचारों का सम्मान करती है और देशहित में बड़े निर्णय लेने में सक्षम है और यह नेतृत्व भारत को वैश्विक मंच पर और गौरव दिलाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केवल राजनीति की, जिसके कारण समाज के वंचित वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। इस मुद्दे को बार-बार टालकर और इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करके, पार्टी ने सामाजिक न्याय की दिशा में न केवल प्रगति को रोका, बल्कि जातिगत आधार पर समाज में विभाजन को भी बढ़ावा दिया।

---

## सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली में बोले

# लोक सभा अध्यक्ष ने देश के सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता और वीरता की सराहना की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प और आतंकवाद के विरुद्ध कड़े रुख पर जोर देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता और वीरता की सराहना की। बिरला ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में उपस्थित विशिष्ट लोगों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। लोक सभा अध्यक्ष के तौर पर झारखंड की अपनी पहली यात्रा पर आए बिरला ने रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गए ।

बिरला ने झारखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां से देश को भगवान बिरसा मुंडा और जमशेदजी टाटा जैसे महानुभाव मिले। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा विजन है और विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए तथा प्रौद्योगिकी, प्रतिस्पर्धा और कौशल विकास का उपयोग करना चाहिए जो इस मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं ।

सिंहभूम चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के लंबे और गौरवशाली



इतिहास की सराहना करते हुए, बिरला ने कहा कि चैंबर के संस्थापकों ने एक ऐसे मंच की परिकल्पना की थी, जहां व्यापार जगत से जुड़े प्रमुख व्यक्ति, उद्यमी और उद्योगपति मिलकर विचारों का आदान-प्रदान कर सकें और आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि चैंबर ने दशकों से क्षेत्र और राष्ट्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने चैंबर से न केवल एक प्रतिनिधि निकाय के रूप में, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद के ऐसे मंच के रूप में कार्य करने का आग्रह किया जहाँ निजी क्षेत्र, सरकार और सिविल सोसाइटी मिलकर भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास की योजना बना सकें। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्य मंत्री अर्जुन मुंडा और संसद सदस्य बिद्युत बरन महतो और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# निवेश के लिए बांड भरोसेमंद विकल्प, निशिचत आय की गारंटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में अस्थिरता के बीच बांड एक भरोसेमंद निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। देश में महंगाई के साथ अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और वैश्विक स्तर पर तनाव समेत अन्य कारणों से उत्पन्न अनिश्चितताओं से जहां एक तरफ शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है, वहीं बांड लगातार निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा है।

■ जोखिम से बचने वालों के लिए बांड निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा

उनका यह भी कहना है कि जोखिम लेने से बचने वाले और निश्चित आय चाहने वाले लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित निवेश यानी स्थिर आय की गारंटी देता है। पिछले तीन माह (23 मई, 2025 तक) में निफ्टी 50 सूचकांक में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### शेयर बाजार की अस्थिरता व वैश्विक तनाव के बीच बांड भरोसेमंद

#### बीते वर्ष बांड ने 8.03 का दिया रिटर्न

बीते वित्त वर्ष 2024-25 में देखा जाए तो मुद्रास्फीति और वृहद आर्थिक चिंताओं के बीच सोने ने 41.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया जबकि निफ्टी-50 ने 7.44 प्रतिशत का मामूली रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल की सरकारी प्रतिभूतियों पर औसत रिटर्न 6.89 प्रतिशत जबकि उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड यानी 'एएए' रेटिंग वाले बांड पर 8.03 प्रतिशत का रिटर्न मिला।



*नए निवेशकों के लिए बांड एक सहारा : कई निवेशकों के लिए यह एक तरह का सहारा है जिसकी उन्हें अस्थिर वित्तीय माहौल में जरूरत होती है। उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल (2020 से 2025) में निफ्टी 50 सूचकांक ने संचयी रूप से 19.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, यह इक्विटी बाजार के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है, लेकिन इसमें काफी उतार-चढ़ाव भी रहा।*

*सोने पर रिटर्न सालाना 16.32 फीसदी रहा : वहीं सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने पर रिटर्न संचयी रूप से सालाना 16.32 प्रतिशत रहा। दस साल की अवधि वाले सरकारी बांड पर रिटर्न औसतन 6.19 प्रतिशत और उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड (एएए रेटिंग वाले) पर संचयी रूप से सालाना रिटर्न 6.9 प्रतिशत रहा है।*

#### बांड निशिचत रिटर्न दे रहा

वहीं बांड लगातार एक निश्चित रिटर्न दे रहा है। सरकारी प्रतिभूतियां सालाना 6.2 से 6.8 प्रतिशत रिटर्न दे रही हैं जबकि उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड सालाना 6.8 से 7.5 प्रतिशत रिटर्न दे रहे हैं। यानी कुल मिलाकर बॉन्ड एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है।

#### दीर्घकालिक निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित

*विशेषज्ञों ने कहा, "जोखिम से बचने वाले और दीर्घकालिक निवेशकों के लिए, शेयर बाजार में गिरावट की स्थिति में बांड एक सुरक्षा प्रदान करता है और विविधीकरण के माध्यम से निवेश के मोर्चे पर अस्थिरता को 30 प्रतिशत तक कम करते हैं।"*

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली और पामोलीन में गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर आवक और मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, मूंगफली तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं गिरावट आने के बावजूद मौजूदा दाम ऊंचा रहने की वजह से मांग प्रभावित होने के चलते कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल की कीमतों में कमी आई।

### स्कोडा ट्यूब्स 220 करोड़ का आईपीओ 28 मई को लाएगा

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का 220 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 28 मई को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 130-140 रुपये प्रति शेयर तय किया। आईपीओ 30 मई को बंद होगा। गुजरात की कंपनी ने एक बयान में कहा कि एंकर (बड़े) निवेशक 27 मई को बोली लगा सकेंगे।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस को हुआ

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक या 0.74 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक या 0.66 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई।

## भारत के शहद निर्यात पर 10 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया

# अमेरिका के साथ शहद निर्यात पर शुल्क का मुद्दा उठाए भारत सरकार : सीएआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत के शहद निर्यात पर फिलहाल 10 प्रतिशत के शुल्क के कारण देश के शहद निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा है और उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से अमेरिका के समक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने और इसे पूर्वस्तर पर लाने की मांग की है।

इससे शहद निर्यातकों को अच्छा दाम मिल सकेगा और शहद उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सकेगा। मधुमक्खीपालन उद्योग परिसंघ (कनफेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री या सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने बताया, शुल्क युद्ध शुरु होने से पहले, भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था जिसे मौजूदा समय में 10 प्रतिशत किया गया है।

### अमेरिका 90 दिन बाद शुल्क 26 फीसदी करना चाह रहा

तीन महीने या 90 दिन तक यह शुल्क फिलहाल 10 प्रतिशत रहेगा लेकिन उसके बाद अमेरिका इसे 26 प्रतिशत करने की मंशा रखता है। इस वृद्धि के बाद भारतीय शहद निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा क्योंकि उसपर 520 डॉलर प्रति टन का शुल्क लागू हो जायेगा।

### समस्या सुलझाने की मांग

इससे भारतीय शहद निर्यात प्रभावित होता है और अंततः भारत के मधुमक्खीपालक किसान प्रभावित हो रहे हैं। मधुमक्खीपालक किसानों और उद्योग की ओर से सीएआई अध्यक्ष ने वाणिज्य मंत्री से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में देश के किसानों की इस समस्या को सुलझाने की मांग की है ताकि किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



### भारत का 90 फीसदी शहद अमेरिका को निर्यात

*शर्मा ने कहा कि भारत का सर्वाधिक 90 प्रतिशत शहद का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। अमेरिका यदि शुल्क बढ़ाएगा तो हमारे देश का मधुमक्खीपालन उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि सरसों से निकले शहद की उसके औषधीय गुण के कारण सबसे अधिक निर्यात मांग है।*

### प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर शहद सस्ता

सीएआई के अध्यक्ष ने बताया कि प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर किया गया शहद इसलिए भी सस्ता होता है क्योंकि शहद में पाये जाने वाले और 20 माइक्रॉन आकार के पोषक तत्व को अलग कर दिया जाता है। शुल्क के अलावा भारत पर डंपिंग-रोधी शुल्क 2.5 प्रतिशत लगता है और वियतनाम पर यह शुल्क 100 प्रतिशत है। लेकिन वियतनाम के फिल्टर शहद होने के कारण यह डंपिंग-रोधी शुल्क 'शून्य' हो जाता है।

■ देश के शहद निर्यातकों को इससे काफी नुकसान हो रहा

■ अमेरिका के समक्ष मुद्दे को गोयल से जोर शोर से उठाने की मांग

■ पहले भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था

*वियतनाम व अर्जेंटीना भी बड़ी चुनौती : सीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि अभी देश के मधुमक्खीपालकों और शहद निर्यातकों के सामने वियतनाम और अर्जेन्टीना भी चुनौती पेश कर रहे हैं। ये देश शहद को फिल्टर कर उसे 1,500-1,600 डॉलर प्रति टन के भाव निर्यात कर रहे हैं। इन देशों की कम कीमत के कारण भारतीय शहद (2,000 प्रति टन) के समक्ष चुनौती पैदा हो रही है।*

### देश के निर्यातकों को 2000 डॉलर प्रति टन मिल रहा

शर्मा ने कहा कि देश के शहद निर्यातकों को पहले ही काफी कम दाम (लगभग 2,000 डॉलर प्रति टन) मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस शुल्क वृद्धि के कारण शहद निर्यात के लिए जो पहले 2,000 डॉलर प्रति टन का अधिकतम निर्यात मूल्य (एमईपी) अनिवार्य किया गया था और इसमें शहद निर्यातकों एवं किसानों के लाभ की कल्पना की गई थी, वे सब बेअसर हो जाएंगे।

# आरबीआई के लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति होगी बेहतर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ एसबीआई ने अपने जारी रिपोर्ट में यह बात कही

■ रिजर्व बैंक ने 2.7 लाख करोड़ रुपए का बंपर लाभांश दिया

भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के अपने बजट में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर 2.56 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान लगाया था। आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण के बाद यह आंकड़ा अब बजट अनुमान से कहीं ऊंचा रहेगा।

"हमारा अनुमान है कि इससे राजकोषीय घाटा बजट के स्तर से 0.2 प्रतिशत कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.2 प्रतिशत रहेगा। वैकल्पिक रूप से यह लगभग 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च का रास्ता खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये के लाभांश की घोषणा की है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश हस्तांतरण की तुलना में 27.4 प्रतिशत की वृद्धि है।

### विदेशी मुद्रा भंडार शिखर पर पहुंचा

सितंबर, 2024 में, विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब अमेरिकी डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद केंद्रीय बैंक ने मुद्रा को स्थिर करने के लिए 'ट्रक भरकर डॉलर' बेचे थे।" आरबीआई के लिए अधिशेष की स्थिति इसके एलएएफ (तरलता समायोजन की सुविधा) परिचालन और घरेलू और विदेशी प्रतिभूतियों की होल्डिंग से ब्याज आय द्वारा तय की गई थी।

### भारतीय जीवन बीमा निगम ने 24 घंटे में सर्वाधिक जीवन बीमा पॉलिसियाँ बेचने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (GUINNESS WORLD RECORDSM) का खिताब हासिल किया



भारतीय जीवन बीमा निगम को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने ₹24 घंटे में सर्वाधिक जीवन बीमा पॉलिसियां बेचने₹ के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (**GUINNESS WORLD RECORDSTM**) का खिताब हासिल किया है। जीडब्ल्यूआर द्वारा सत्यापित यह ऐतिहासिक उपलब्धि 20.01.2025 को निगम के समर्पित एजेंसी नेटवर्क के असाधारण प्रदर्शन को दर्शाती है। 20.01.2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के कुल 4,52,839 अभिकर्ताओं ने पूरे भारत में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसियां सफलतापूर्वक पूर्ण करके जारी करायीं। इस महत्वपूर्ण प्रयास ने 24 घंटे की अवधि में जीवन बीमा उद्योग में अभिकर्ता उत्पादकता के लिए एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है। टीम एलआईसी इस प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (**GUINNESS WORLD RECORDSTM**) खिताब को प्राप्त करके बेहद रोमांचित है। यह हमारे अभिकर्ताओं के अविश्वसनीय समर्पण, कौशल और अथक कार्य व नैतिकता का एक शक्तिशाली प्रमाण है। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### रिजर्व बैंक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ नियामकीय मानदंडों के गैर-अनुपालन के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 1949 के कुछ प्रावधानों और 'कृषि कर्ज प्रवाह -संपार्श्विक मुक्त कृषि ऋण' पर निर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, " वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है।



■ वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान का भी पड़ेगा असर

■ बीते सप्ताह शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा

*बाजार की धारणा प्रभावित होगी : मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बांड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा।*

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## निर्गम से 6,600 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद

# इस सप्ताह आएंगे चार मुख्य कंपनियों के आईपीओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार के लिए व्यस्त रहने वाला है। सप्ताह के दौरान चार मुख्य मंच के आईपीओ आने हैं। इनमें लीला पैलेस होटल्स एंड रिजॉर्ट्स की परिचालक श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड और एजिस वोपैक टर्मिनल्स की सार्वजनिक शेयर बिक्री शामिल हैं। इन आईपीओ से सामूहिक रूप से 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान जिन दो अन्य कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स और स्कोडा ट्यूब्स शामिल हैं। इसके अलावा 28 मई को बोराना वीव्स और 29 मई को बेलराइज इंडस्ट्रीज के शेयर सूचीबद्ध होंगे।

■ आईपीओ में लीला पैलेस होटल्स का निर्गम शामिल

### इस साल अब तक 57 आईपीओ को मंजूरी

एक्सिस कैपिटल की आईपीओ बाजार पर सूचना के अनुसार, मई, 2025 तक 57 कंपनियों को सेबी से आईपीओ के लिए अंतिम निष्कर्ष मिला है। वहीं 74 अन्य कंपनियां नियामक से अंतिम निष्कर्ष का इंतजार कर रही हैं।

### श्लॉस बेंगलूर का आईपीओ

सप्ताह के दौरान जो आईपीओ आने हैं उनमें श्लॉस बेंगलूर का सार्वजनिक निर्गम 3,500 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट डीआईएफसी शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 413-435 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। यह आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा।

### प्रोस्टार्म इंफो सिस्टम्स



एकीकृत बिजली समाधान कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स का आईपीओ में बुक-बिल्डिंग मार्ग से 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 1.6 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी का 168 करोड़ रुपये का यह निर्गम 27 मई को खुलकर 29 मई को बंद होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 95-105 रुपये प्रति शेयर है।

### इस साल आईपीओ का बाजार रहा सुस्त

2025 में आईपीओ का बाजार सुस्त रहा है और अभी तक सिर्फ 12 कंपनियां शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से आईपीओ बाजार में सुस्ती रही है। इससे पहले 2024 में कंपनियों ने 91 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. सुमित नारंग पुत्र सुरेंद्र नारंग 2. सुमन नारंग पत्नी सुरेंद्र नारंग 3. सुरेंद्र नारंग सभी निवासी 15, टॉप फ्लोर, शिव कला मंदिर वाली गली, राम नगर, कृष्णा नगर, दिल्ली और 11–बी, मिनर्वा सोसायटी, सेवा मंदिर के पास, नडियाद, गुजरात** ने case **FIR No. 666/2015 U/s 498/406/34 IPC & 4 DP Act, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **1. सुमित नारंग 2. सुमन नारंग 3. सुरेंद्र नारंग** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 666/2015 U/s 498/406/34 IPC & 4 DP Act, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा–।
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 55
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6529/SHD/2025(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5878




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य–5
4.प्रलय, वज्रपात–4
7.परिमाण, माप–2
8.प्लेट,तश्तरी–3
9.भीगा हुआ–2
10.वेश्या, गणिका–4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ–2
13.अपवित्र (उर्दू–3)
14.दान करने वाला–2
15.आंचल–3
17.पंख–2
19.चाहे जो भी हो –5
22.अनूठापन,विचित्रता–5
25.उम्मीद,आस–2
26.अनाशवान,अक्षय–3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म–2
29.बंदर, मर्कट–3
30.सम्मान, आदर–2
32.करामात,करिश्मा–4
34.नवीन,नव–2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म–3
37.शारीरिक ऊंचाई–2
38.भाग्य,लक–4
39.रावण,दशानन–5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या–2
2.कॉफी–3
3.तरफदारी करनेवाला–5
4.जन जाति, झुंड–3
5.वोट–2
6.बढ़ई,खाती–4
7.जो मुनासिब न हो–5
10.भाग्य (उर्दू–4)
12.प्रतिज्ञा,वचन–2
16.राजा,राजन–3
17.क्षण–2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम–2
20.रनिवास (उर्दू–3)
21.नुकसान,घाटा–2
22.रजनी, रात्रि–2
23.अनुपम,बेजोड़–4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो–5
25.आतंक फैलानेवाला–5
26.धरोहर,थाती–4
27.लक्ष्मी–2
31.निगाह,दृष्टि–3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष–3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर–2
37.टैक्स, हाथ–2

### शब्द पहेली- 5877 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |





# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में बने उपविजेता




कुआलालंपुर। भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उप विजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका। चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्लूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरुआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21, 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया।

# इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका




चेस्टर। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के प्रेरक भाषण ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेसी ने इस दौरान 87वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी कराई। क्वेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेसी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।

**खास खबर**

# पिछली गलतियों को सुधारने के लिए तैयार : सुनील छेत्री

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## आईपीएल : गुजरात को 83 रन से रौंदा, टाइटंस के शीर्ष दो का सपना टूटा

# जीत का जश्न... पर चेन्नई का पहली बार अंतिम स्थान से अभियान का समापन

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रन से शिकस्त दी। सीएसके के खिलाड़ियों में प्लेऑफ की शीर्ष टीम को हराने की खुशी साफ तौर पर झलक रही थी। इससे टाइटंस को तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात हार के बाद भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी। अनुभवी क्रिकेटर डेवोन कॉनवे (52 रन) और ब्रेविस (57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े। सीएसके के लिए आयुष म्हात्रे (34 रन) और उर्विल पटेल (37 रन) ने तेज शुरुआत की।



## 'अलविदा नहीं कह रहा, न ये कह रहा कि लौटूंगा...' धोनी

*आईपीएल के अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की गुजरात टाइटंस पर जीत के बाद एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य को लेकर स्थिति साफ नहीं की है। धोनी ने कहा कि वह इस फैसले के लिए कुछ समय लेंगे और आने वाले कुछ महीनों में तय करेंगे कि वे अगला सीजन खेलेंगे या नहीं। मैच के बाद धोनी ने कहा, 'मेरे पास फैसला करने के लिए 4-5 महीने हैं। कोई जल्दी नहीं है कि क्या करना है। हर साल शरीर को फिट रखने में 50% ज्यादा मेहनत लगती है। यह क्रिकेट का सर्वोच्च स्तर है। अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगें, तो कई तो 22 की उम्र में ही संन्यास ले लेंगे। ज़रूरी यह है कि आपके अंदर कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं और टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं, और क्या टीम को आपकी ज़रूरत है। मेरे पास पर्याप्त समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, लंबे समय से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइड्स का आनंद लूंगा, फिर दो-तीन महीने बाद फैसला करूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं अब खत्म हो गया हूं और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापसी करूंगा। मेरे पास समय की सुविधा है।'*

### 10वें स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स

*मौजूदा सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का ये आखिरी मुकाबला रहा, यानी उसने जीत के साथ विदाई ली। 14 मैच खेलकर 4 में जीत हासिल की। चेन्नई अंकतालिका में 10वें एवं आखिरी नंबर पर रही। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की 14 मैचों में ये 5वीं हार रही।*

## स्कोर बोर्ड

| चेन्नई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का सिराज बो कृष्णा | 34 | 17 | 3 | 3 |
| डेवोन कॉनवे बो राशिद | 52 | 35 | 6 | 2 |
| उर्विल का गिल बो किशोर | 37 | 19 | 4 | 2 |
| दुबे का कोएत्जी बो शाहरुख | 17 | 08 | 0 | 2 |
| ब्रेविस का बटलर बो कृष्णा | 57 | 23 | 4 | 5 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 230/5
गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, कृष्णा 4-0-22-2, कोएत्जी 3-0-34-0, किशोर 2-0-23-1, राशिद 4-0-42-1, शाहरुख 1-0-13-1.

| गुजरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का शिवम बो जडेजा | 41 | 28 | 6 | 0 |
| गिल का पटेल बो कम्बोज | 13 | 09 | 1 | 1 |
| बटलर का कम्बोज बो खलील | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड का म्हात्रे बो कम्बोज | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शाहरुख का पाथिराना बो जडेजा | 19 | 15 | 0 | 2 |
| तेवतिया का शिवम बो नूर | 14 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद खान का पटेल बो नूर | 12 | 08 | 1 | 1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो पाथिराना | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अरशद खान बो नूर | 20 | 14 | 0 | 3 |
| किशोर का धोनी बो कम्बोज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.3 ओवर में 147/10
गेंदबाजी : जडेजा 3-0-17-2, खलील 3-0-17-1, कम्बोज 2.3-0-13-3, दुबे 2-0-33-0, नूर अहमद 4-0-21-3, पाथिराना 3-0-29-1, हुड्डा 1-0-15-0.



**खबर संक्षेप**

### गिल को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा

**मुंबई।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा लेकिन युवा टीम का आकलन इतनी जल्दी नहीं किया जाना चाहिए। गिल को शनिवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप कप्तान होंगे क्योंकि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से नयी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। हरभजन ने कप्तान के रूप में गिल के चयन का स्वागत किया लेकिन कहा कि आगे काफी चुनौतियां हैं।

### अब भी भारत के लिए खेलने का सपना

**नई दिल्ली।** लगभग दो साल से भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से बाहर अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अब भी टेस्ट टीम का हिस्सा बनने का सपना



संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने करियर की दिशा को लेकर कोई पछतावा नहीं है। सैंतीस वर्षीय पुजारा ने आखिरी बार जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारत के लिए टेस्ट मैच खेला था। पुजारा ने कहा, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन निश्चित रूप से मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में रहना पसंद करता है।'

### पवन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज पवन बार्तवाल ने रविवार को यहां कंबोडिया के साओ रंगसे पर 5-0



की शानदार जीत के साथ चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की।



# क्लासेन का शतक, सनराइजर्स ने नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदा

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

हेनरिक क्लासेन के तूफानी शतक के बाद जयदेव उनादकट की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदकर अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को जीतकर सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। क्लासेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 39 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 105 रन बनाने के अलावा हेड (76 रन, 40 गेंद, छह छक्के, छह चौके) और इशान किशन (29) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे विकेट के लिए समान 83 रन की साझेदारी भी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 278 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सर्वश्रेष्ठ और मौजूदा सत्र का दूसरा सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। हेड ने अभिषेक शर्मा (32) के साथ पहले विकेट के लिए भी 92 रन जोड़े। आईपीएल के इतिहास के चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स के नाम हैं। टीम ने 15 अप्रैल 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। पैट कमिंस की टीम ने मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 मार्च को छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया था।

**5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला**

# 10 खिलाड़ी पहली बार जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर, तीन करेंगे डेब्यू



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में कई नए खिलाड़ियों को जगह दी गई है। ऐसे में 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।

करुण नायर की 8 साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 20 जून से आगाज होगा। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।

### तीन खिलाड़ी अनुभवी

*रवींद्र जडेजा ने 80 टेस्ट मैच अब तक खेले हैं। केएल 58 टेस्ट मैच में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जसप्रीत बुमराह 45 और ऋषभ पंत 43 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। ऐसे में भारतीय टीम में अनुभव की कमी है। खासकर रोहित और कोहली के संन्यास लेने के बाद।*

### पहली बार इंग्लैंड दौरा

*भारतीय क्रिकेट फैंस को यह जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया के 18 में से 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे। अर्शदीप सिंह, अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश रेड्डी ये वो नाम हैं जो पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।*

### तीन के पास डेब्यू का मौका

इसके अलावा 3 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू तक नहीं हुआ है। इनमें अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं। इन तीनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड में अपने टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, इंग्लैंड की परिस्थितियों में इन युवा खिलाड़ियों की परीक्षा होगी।

## बहुत समय से वापसी का इंतजार था: नायर

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। 33 वर्षीय नायर ने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा, 'बहुत शुक्रगुजार हूं कि वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं।'

# मिश्रित टीम ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक


फाइल फोटो

हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग और हुआंग लिवानलिन की जोड़ी के पीछे रही। चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। टीमों टीमें 15वीं सीरीज तक 14-14 अंक की बराबरी पर थी। चीन की जोड़ी ने 15वीं सीरीज को 0.5 से जीतकर 16 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ रोसारियो

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैन्ज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त




दिलाई जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा।

## कार्लसन और नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी आज से पेश करेंगे चुनौती

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज के लिए तैयार

एजेंसी ▸▸ स्टावेंगर

क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं।



### वैश्विक चुनौती से पार पाना मुश्किल

पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा। नाकामुरा विश्व रैंकिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद गुकेश (विश्व नंबर तीन) और एरिगेसी (नंबर चार) का स्थान है। इन दोनों को स्थानीय नायक कार्लसन और नाकामुरा के डिफेंस को भेदने के लिए बहुत धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होगी। गुकेश हालांकि विश्व चैंपियन बनने के बाद सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है।

### अब तक खिताब का इंतजार

यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि उन्हें इस टूर्नामेंट में 'बहुत रोमांचक मुकाबला' देखने की उम्मीद है, क्योंकि गुकेश और एरिगेसी दोनों में प्रेरणा की कमी नहीं होगी और वे पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। कार्लसन छह खिताब के साथ इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी है। प्रतियोगिता में चार भारतीयों की मौजूदगी भी देश में शतरंज के विकास को दर्शाती है।




## खबर संक्षेप

### अमेरिका के निर्णय का सीरिया ने किया स्वागत



**दमिश्क।** सीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित देश पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के निर्णय को सीरिया मानवीय पीड़ा और आर्थिक संकट को दूर करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दमिश्क के साथ सहयोग के लिए इच्छुक किसी भी देश का सीरिया हाथ बढ़ाकर स्वागत करता है। बशर्ते वह देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे।

### नेपाल में हादसा भारतीय पर्यटक की मौत



**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में एक केबल कार स्टेशन के शौचालय के पास रविवार को 62 वर्षीय एक भारतीय नागरिक की गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे काठमांडू से करीब 200 किलोमीटर दक्षिण में कुरिनतार के मनकामना केबल कार स्टेशन पर हुई। केबल कार स्टेशन के उप महाप्रबंधक उज्वल सेरचन के अनुसार, मन्नू प्रसाद भट्ट नामक व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## भारतीय नेताओं ने दिखाया पाकिस्तान का आतंकी चेहरा

# थरूर बोले- बंद हो आतंकवाद, भारत पर हमला करने वालों को कतई नहीं छोड़ेंगे

ओवैसे ने कहा पाकिस्तान आतंकियों का दाना पानी बंद करे

*भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि भारत शांतिप्रिय है युद्ध नहीं चाहता*

*जब संप्रभुता की बात आती है तो जवाब देना ही पड़ता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की करतूत से पूरी दुनिया को वाकिफ कराने भारत ने अपने नेताओं को दुनिया के कोने-कोने में भेज दिया है। एक ऐसे ही सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेता कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिका से दुनिया को संदेश दिया कि भारत अपने ऊपर हमला करने वाली बुरी ताकतों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ आपसी एकजुटता और ताकत के साथ खड़े होने का आह्वान किया।

वहीं बहरीन गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने बहरीन में कहा कि जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता करना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक आतंकवाद की समस्या दूर नहीं होगी। जैसा कि आप जानते हैं, मैं सरकार के लिए काम नहीं करता। मैं एक विपक्षी पार्टी के लिए काम करता हूं। मैंने खुद एक ऑप-एड लिखा है... जिसमें कहा गया है कि कड़ा प्रहार करने का समय आ गया है, लेकिन होशियारी से प्रहार करने का। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने बिल्कुल यही किया। 9 खास ज्ञात आतंकवादी ठिकानों, मुख्यालयों और लॉन्चपैडों पर बहुत सटीक और कैलिब्रेटेड हमले हुए।





### पाकिस्तान को हमने बहुत मौके दे दिए


शशि थरूर ने न्यूयॉर्क 9/11 मेमोरियल (स्मारक) के बाहर मीडिया से बात करते हुए रखी। मिस्टर थरूर ने कहा कि 9/11 स्मारक का दौरा इस बात की गंभीर याद दिलाता है कि कैसे अमेरिका की तरह भारत भी आतंकवाद का शिकार रहा है। यह स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था, लेकिन इसका मतलब एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो अभी भी हमारे देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान को सहन कर रहा है। हम याद दिलाने आए है कि यह एक साझा समस्या है। थरूर ने यहां पाकिस्तान में जड़ जमा चुके आतंकवाद से भी दुनिया को परिचित कराया। उन्होंने कहा, हम अब दृढ़ हैं कि इसके लिए एक नई बॉटम लाइन होनी चाहिए। हमने (पाकिस्तान के साथ) सब कुछ करने की कोशिश की है, इंटरनेशनल डोजियर, शिकायतें, हर चीज की कोशिश की गई है। पाकिस्तान इनकार की स्थिति में रहा है, बिल्कुल कोई दोषसिद्धि नहीं हुई है, कोई गंभीर आपराधिक मुकदमा नहीं चला है, उस देश में आतंकी ढांचे को नष्ट करने का कोई प्रयास नहीं हुआ है, और सुरक्षित पनाहगाह बने हुए हैं।

### उकसावे के बावजूद भारत शांत रहाः ओवैसी

*एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उन्होंने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत के दौरान पाकिस्तान को विफल राज्य कहा। बातचीत के दौरान ओवैसी ने कहा, हमारी सरकार ने हमें यहां भेजा है...ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। दुर्भाग्य से, हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह समस्या केवल पाकिस्तान से उत्पन्न होती है। जब तक पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देना, सहायता करना और प्रायोजित करना बंद नहीं करता, तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। ओवैसी ने कहा कि गंभीर उकसावे के बावजूद भारत ने बार-बार अधिकतम संयम बरता है। पहलगाम हमले को याद करते हुए जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे।*

## खतरनाक माल से लदा था जहाज

# भारतीय नेवी ने संभाला मोर्चा, पर्यावरण को हो सकता है नुकसान



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल तट के पास 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज एमएससी एल्सा 3 समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका पैदा हो गई है। हादसे के समय जहाज पर मौजूद तीन अंतिम क्रू सदस्यों को भी भारतीय नौसेना ने बहादुरी से बचा लिया। तटरक्षक बल ने रविवार को एक बयान में कहा, 25 मई की सुबह, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया। इससे पहले भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 24 में से 21 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। इनमे एक रूसी, 20 फिलीपीनी, दो यूक्रेनी और एक जॉर्जियन नागरिक शामिल हैं।

### दूसरे जहाजों के लिए खतरा बन सकते हैं कंटेनर

*आईएनएस सुजाता नामक भारतीय नौसेना के जहाज ने तीनों बचे हुए क्रू सदस्यों को कठिन परिस्थितियों में बचा लिया। भविष्य में किसी बड़े संकट की संभावना को देखते हुए कोस्ट गार्ड ने चेतावनी दी है कि जहाज से गिरे कंटेनर समुद्र में तैरते हुए दूसरे जहाजों के लिए खतरा बन सकते हैं और ये कंटेनर तट पर भी आ सकते हैं।*

### जहाज में 640 कंटेनर लदे थे

जहाज शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम के नजदीक स्थित विझिंजम पोर्ट से रवाना होकर कोच्चि जा रहा था। जहाज की लंबाई 184 मीटर है और इसमें कुल 640 कंटेनर लदे थे, जिनमें से 13 कंटेनर खतरनाक रसायनों से भरे थे।

# अस्तित्व मिटने की चिंता के चलते चीन की मदद से पाकिस्तान बना रहा विनाशकारी हथियार

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 2025 के लिए अपनी विश्वव्यापी खतरा आकलन रिपोर्ट में ये बताया है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान लगाया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रक्षा प्राथमिकताएं संभवतः भारत को ग्लोबल लीडरशिप के रूप में प्रस्तुत करने, चीन का मुकाबला करने और नई दिल्ली की सैन्य शक्ति को बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है, मई के मध्य में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सीमा पार से किए गए हमलों के बावजूद चीन को भारत अपना प्राथमिक विरोधी मानता है और पाक को एक सहायक सुरक्षा समस्या मानता है। रक्षा खुफिया एजेंसी अमेरिकी रक्षा विभाग के अंतर्गत आती है और सैन्य खुफिया में विशेषज्ञता रखती है। इसमें कहा गया है कि भारत चीनी प्रभाव का मुकाबला करने और अपनी ग्लोबल लीडरशिप भूमिका को बढ़ाने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है। इसने भारत-चीन सीमा विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि पिछले साल की वापसी ने सीमा सीमांकन के बारे में लंबे समय से चले आ रहे विवाद को हल नहीं किया।




### पाक बना रहा हाईटेक शस्त्रागार

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। पाकिस्तान अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है और अपनी परमाणु सामग्री तथा परमाणु कमान और नियंत्रण की सुरक्षा बनाए रख रहा है। पाकिस्तान लगभग निश्चित रूप से विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से डब्ल्यूएमडी-लागू सामान खरीदता है। पाकिस्तान के कार्यक्रमों का समर्थन करने वाली विदेशी सामग्री और प्रौद्योगिकी मुख्य रूप से चीन के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त की जाती है और कभी-कभी हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से भेजी जाती है।

## आतंक की फैक्ट्री पर प्रकृति का कहर

# आंधी-बारिश से पाकिस्तान में 20 की मौत, अंधेरे में डूबे शहर

एक विमान एफएल-842 भयानक टर्बुलेंस में फंसा

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम चली तेज आंधी और भयंकर बारिश ने 20 लोगों की जान ले ली। इसमें करीब 150 लोग भी घायल हो गए। तूफान कितना तेज था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सड़क और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से ठप पड़ गए। तूफान में इंफ्रास्ट्रक्चर को तो नुकसान पहुंचाया ही, बल्कि कई इलाकों की बिजली भी गुल हो गई। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए बिलबोर्ड के नीचे दबने के कारण हुईं। मरने वाले लोगों में बच्चे भी शामिल हैं।

तेज हवाओं और ओलों का असर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनवा में भी देखने को मिला। फसलों और पावर लाइन को काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि यहां से किसी मौत की खबर नहीं आई।



### पोल और पेड़ उखड़े

*भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया और कई जगहों पर पेड़ गिर गए। कराची से लाहौर जा रहा एक निजी एयरलाइन के विमान एफएल-842 को भयानक टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।*

## महिलाओं पर टूटा दुखों का पहाड़

# कुवैत ने रातोंरात 26 हजार की छिन गई नागरिकता

एजेंसी ▶▶ कुवैत

कुवैत की सरकार ने रातोंरात हजारों लोगों की नागरिकता रद्द कर दी है। इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं हैं और यह संख्या 26 हजार तक जा सकती है। सरकार के इस फैसले का नतीजा ये कि लोग सुबह सोकर उठे तो उनका बैंक अकाउंट बंद हो गया।

ऐसे लोगों की सारी सुविधाएं ठप हो गई है। इस बारे में जब कारण पता किया गया तो जानकारी मिली कि उनकी नागरिकता चली गई। बता दें कि मई 2024 में अमीर ने लोकतंत्र को खतरा बताया था और संविधान



संशोधन करने की घोषणा कर दी थी। सरकार उन लोगों की नागरिकता ज्यादा रद्द कर रही है, जिन्हें शादी के बाद यहां की नागरिकता मिली थी। इस लिस्ट में वे महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने कुवैत के पुरुषों से शादी करके नागरिकता हासिल की थी।

## रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हमला

# दागे 367 ड्रोन और मिसाइल भीषण तबाही में 13 की मौत

जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप को बताया जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ कीव

कैदियों की रिहाई के बीच रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर 367 ड्रोन और मिसाइल दाग दिए। इस हमले से यूक्रेन में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला बताया जा रहा है। जानकारी के मुकाबले हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हुई है जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि उसकी एयर फोर्स ने रूस के 266 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया। हालांकि नुकसान को पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हमले में अपार्टमेंट्स और इमारतों को नुकसान हुआ है। कीव का कहना है कि रूस बलिस्टिक मिसाइल से भी हमला करने में कोताही नहीं बरत रहा है।



### दुनिया की चुप्पी से बढ़ा संकट

*जेलेंस्की ने कहा, अमेरिका और विश्व की चुप्पी व्लादिमीर पुतिन का उत्साहवर्धन कर रही है। रूस यूक्रेन पर आतंकी हमले कर रहा है। क्या यह उसपर प्रतिबंध लगाने के लिए काफी नहीं है? बिना दबाव के कुछ भी बदलने वाला नहीं है। वहीं रूस और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों में ऐसे ही तबाही मचाते रहेंगे।*

## माओवादियों ने बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को ध्वस्त कर दिया था

# 40 साल तक अंधेरे में रहे ग्रामीणों के घरों में बिजली लौटी तो खुशी से झूम उठे पोलमपाड़ के निवासी

सुरक्षा बलों के पहुंचने से ग्रामीणों को मिली ताकत

पोलमपाड़ के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया, जहां ग्रामीणों ने बिजली आने का जश्न नई उम्मीद के साथ मनाया। वर्षों तक समुदाय बुनियादी सुविधाओं के बिना रहता था, क्योंकि माओवादियों ने बिजली की लाइनें, सड़कें नष्ट कर दी थीं और विकास तक पहुंच को काट दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का पोलमपाड़ गांव में चार दशक बाद फिर से बिजली पहुंची तो स्थानीय लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह गांव सुकमा जिले में पड़ता है।

इस माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 40 साल में पहली बार बिजली लौटी है। पोलमपाड़ के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया, जहां ग्रामीणों ने बिजली आने का जश्न नई उम्मीद के साथ मनाया। वर्षों तक समुदाय बुनियादी सुविधाओं के बिना रहता था, क्योंकि माओवादियों ने बिजली की लाइनें, सड़कें नष्ट कर दी थीं और विकास तक पहुंच को काट दिया था। 2024 में यह स्थिति बदल गई। जब नजदीक में सीआरपीएफ कैंप स्थापित किया गया। जिससे सुरक्षा सुनिश्चित हुई और सरकार को लंबे समय से लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को फिर से शुरू करने में मदद मिली।

माओवादियों का चलता था एक छत्र राज



### ग्रामीणों में बढ़ा सरकार पर भरोसा, दिख रहा उत्साह

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि इससे विकास के द्वार खुलेंगे। सीआरपीएफ के आने के बाद बिजली, सड़क और अन्य सेवाएं आखिरकार बहाल हो गईं। चव्हाण ने कहा कि करीब 40 साल बाद बिजली आई है। सीआरपीएफ ने 2024 में गांव के पास अपना कैंप लगाया और बिजली बहाल की। इस इलाके में बहुत से गांवों में बिजली थी, लेकिन नक्सलियों ने बहुत से गांवों की बिजली कनेक्शन नष्ट कर दी। उन्होंने सड़कें भी नष्ट कर दीं। लेकिन सीआरपीएफ कैंप स्थापित होने के बाद बिजली, सड़कें और अन्य सुविधाएं बहाल हो गईं। एक स्थानीय निवासी ने एएनआई को बताया कि हमें कल बिजली मिल गई और हम बहुत खुश हैं।

### ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर हादसा

**देहरादून।** ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पंतगांव के पास नोएडा के यात्रियों की एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार के पलटते ही चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि कार खाई की तरफ नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। परिवार के लोग सुरक्षित हैं। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत के अनुसार, नोएडा निवासी अनुभव प्रसाद डिमरी पुत्र वीरेंद्र प्रसाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ श्रीकोट गंगानली, श्रीनगर की ओर आ रहे थे। पंतगांव के पास ड्राइवर अनुभव को अचानक झपकी आ गई, जिसके बाद उन्होंने हैंडब्रेक खींच लिया। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

## इंडोनेशिया और चीन ने की टैरिफ पर चर्चा

# मलयेशिया ने कहा- हम सबको एकजुट होने की है जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने रविवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और अमेरिका के वैश्विक व्यापार युद्ध तथा आर्थिक वैश्वीकरण के समक्ष चुनौतियों के दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ली दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार दोपहर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। यह इस साल उनकी पहली विदेश यात्रा का पहला पड़ाव था। इंडोनेशिया और चीन 20 प्रमुख विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं व ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। ली रविवार शाम को इंडोनेशिया-चीन व्यापार स्वागत समारोह में अपने संबोधन के लिए 60 प्रमुख चीनी व्यवसायियों को अपने साथ लाए। उन्होंने जोर दिया कि बाहरी चुनौतियों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था ने इस साल तेजी से विकास हासिल किया है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109